# कलेक्टर ने ली बालाघाट विकासखंड के खंड स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक

## शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की हुई समीक्षा

पद्मेश न्यूज। बालाघाट।

**कलेक्टर मृणाल मीना ने 30 मई को जिला पंचायत बालाघाट के सभागार में सभी विभागों के बालाघाट विकासखंड के खण्ड स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस बैठक में जिला पंचायत सीईओ अभिषेक सराफ, अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे, डी पी बर्मन तथा एसडीएम गोपाल सोनी सहित विभिन्न विभागों के जिला एवं खंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में विभागवार योजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई।**



बैठक में स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास तथा कृषि विभाग की समीक्षा में कर्मचारियों की उपस्थिति सार्थक एप के माध्यम से दर्ज कराने एवं उसी आधार पर वेतन आहरण करने के निर्देश दिए गए। एएनएम को गर्भवती महिलाओं के एएनसी पंजीयन में प्रगति लाने के निर्देश देते हुए कहा गया कि लापरवाही बरतने पर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में एएनसी पंजीयन एवं एएनसी चेकअप में कम प्रगति वाली चरेगांव, मऊ, पाथरवाडा, समनापुर, आंवलाझरी, नहरवानी एवं शहरी क्षेत्र बालाघाट में वार्ड नं.09 एवं वार्ड नं. 05 की एएनएम को अपने कार्यों में सुधार लाने के निर्देश दिये गए। उन्हें चेतावनी दी गई कि उनके कार्यों में प्रगति नही आने पर उनके विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। लामता के बीपीएम को निर्देशित किया गया कि वे एएनसी पंजीयन एवं एएनसी जाँच की ऑनलाइन एंट्री सुनिश्चित करें अन्यथा उनके विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी।

बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान निर्देशित किया गया कि बाल विकास परियोजना अधिकारी एवं आंगनवाडी सुपरवाइजर नियमित रूप से अपने क्षेत्र के आंगनवाडी केंद्रो का भ्रमण करें। बैठक में एसएएम एवं एमएएम श्रेणी के बच्चों के चिन्हांकन, शाला पूर्व शिक्षा के लिए बच्चों के पंजीयन तथा पोषण ट्रैकर एप पर खाद्यान्न वितरण की समीक्षा की गई।

पशुपालन विभाग की समीक्षा में एफएमडी टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान एवं कामधेनु योजना में प्रगति लाने के निर्देश दिए गए। पशुपालकों को सेक्स सॉर्टेड सीमेन से कृत्रिम गर्भाधान के लिए प्रोत्साहित करने एवं बकरी पालन के प्रकरण अधिक संख्या में तैयार करने को कहा गया। एफएमडी टीकाकरण में कम प्रगति पाये जाने पर एव्हीएफओ जेएम धुर्वे, देवेश पटले एवं अंशुल नागोसे को चेतावनी दी गई कि वे अपने कार्य में शीघ्र प्रगति लाये अन्यथा उनके विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी।

शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान कक्षा 1 से 8 तथा 9 से 12 तक शत-प्रतिशत विद्यार्थियों के पंजीयन के निर्देश दिए गए। कक्षा 6 एवं 9 के विद्यार्थियों को साइकिल तथा सभी बच्चों को पाठ्य-पुस्तकों का शीघ्र वितरण कर उसकी पोर्टल पर प्रविष्टि सुनिश्चित करने को कहा गया। कक्षा 09 से 12 के बच्चों के पंजीयन में कमी पाये जाने पर बालाघाट के बीआरसी को चेतावनी दी गई कि वे एक सप्ताह के भीतर शत प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित करें अन्यथा उनकी एक वेतन वृद्धि रोकने की कार्यवाही की जाएगी। कमजोर शैक्षणिक स्तर वाली शालाओं में एफएलएन मेले आयोजित करने एवं बच्चों की शैक्षणिक गुणवत्ता सुधारने पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए गए। एफएलएन सर्वे में कुम्हारी संकुल के बच्चों का स्तर कमजोर पाये जाने पर नाराजगी जाहिर की गई और अवकाश के दिनों में बच्चों की दक्षता परीक्षण के लिए विशेष टीम भेजने के निर्देश दिये गए।

राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान नक्शा तरमीम, फार्मर रजिस्ट्री एवं नामांतरण प्रकरणों में धीमी प्रगति पाये जाने पर कलेक्टर ने नाराजगी जताई। उन्होंने स्पष्ट कहा कि 15 दिनों के भीतर सुधार नहीं होने पर संबंधित कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी। पटवारियों को निर्देश दिए गए कि फार्मर रजिस्ट्री का कार्य शीघ्र पूर्ण करें। जिस जमीन का आवासीय भूमि के रूप में उपयोग किया जा रहा है उसका शीघ्रता से डायवर्सन कराने कहा गया। सीमांकन, नामांतरण एवं बटवारा के प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये गए। सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का तत्परता से निराकरण करने कहा गया।

पंचायत विभाग की योजनाओं की समीक्षा के दौरान अटल पेंशन योजना, श्रमयोगी मानधन योजना में कम प्रगति पाये जाने पर समनापुर, बगदरा, परासपानी, पेण्डरई, टेकाडी, नैतरा के सचिवों को चेतावनी दी गई कि वे अपने कार्यों में सुधार लाए। जनपद सीईओ से कहा गया कि यह उनकी जिम्मेदारी रहेगी कि कोई भी पंचायत सचिव संबल कार्ड में किसी तरह की गडबडी न करने पाये। संबल योजना के अंत्येष्टी एवं अनुग्रह सहायता के प्रकरण लंबित न रहे इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

बैठक में उप संचालक कृषि को पराली प्रबंधन, सार्थक एप से कर्मचारियों की उपस्थिति तथा जे-फार्म एप पर किसानों का पंजीयन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही उन्हें निर्देशित किया गया कि खरीफ फसलों के बीज का किसानों को समय पर वितरण कराये और जो बीज वितरण किया गया है उसकी बोवनी हो और वह फसल गिरदावरी के समय राजस्व रिकार्ड में दर्ज भी होना चाहिए।

# शिक्षकों को मिली राहत, ग्रीष्मकालीन अवकाश 7 जून तक बढ़ाया गया

## 1 जून से स्कूल पहुंचने की अटकलों पर विराम, अब 8 जून से संभालेंगे जिम्मेदारी

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** प्रदेश के शिक्षकों को भीषण गर्मी के बीच बड़ी राहत मिली है। लोक शिक्षण संचालनालय, मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा शिक्षकों के ग्रीष्मकालीन अवकाश को बढ़ाते हुए 7 जून 2026 तक करने के आदेश जारी किए गए हैं। इसकी जानकारी जिला शिक्षा अधिकारी अश्विनी उपाध्याय ने दी। जानकारी के अनुसार पूर्व में यह चर्चा चल रही थी कि शिक्षकों को 1 जून से विद्यालयों में उपस्थित होना होगा और नए शैक्षणिक सत्र की तैयारियों में जुटना पड़ेगा। हालांकि प्रदेश में लगातार जारी भीषण गर्मी और मौसम की परिस्थितियों को देखते हुए लोक शिक्षण संचालनालय ने अवकाश अवधि बढ़ाने का निर्णय लिया है। जिला शिक्षा अधिकारी अश्विनी उपाध्याय ने बताया कि संचालनालय से प्राप्त निर्देशों के अनुसार प्रदेशभर के शिक्षकों का ग्रीष्मकालीन अवकाश अब 7 जून तक रहेगा। इसके चलते शिक्षकों को निर्धारित तिथि तक विद्यालय में उपस्थित होने की आवश्यकता नहीं होगी। अवकाश समाप्त होने के बाद शिक्षक आगामी शैक्षणिक सत्र की तैयारियों के लिए विद्यालयों में अपनी सेवाएं देंगे। गौरतलब है कि प्रदेश के कई जिलों में इन दिनों तापमान लगातार उच्च स्तर पर बना हुआ है। ऐसे में शिक्षकों को अतिरिक्त एक सप्ताह का अवकाश मिलने से उन्हें राहत मिलेगी। वहीं विद्यालय प्रबंधन भी नए सत्र की तैयारियों को संशोधित कार्यक्रम के अनुसार आगे बढ़ाएंगे। शिक्षकों के अवकाश बढ़ाने के निर्णय की जानकारी सामने आते ही जिले के शिक्षकों में संतोष देखा जा रहा है। लंबे समय से 1 जून से स्कूल खुलने की चर्चा के बीच अब स्पष्ट हो गया है कि शिक्षकों को 7 जून तक अवकाश का लाभ मिलेगा।

# अवैध रेत परिवहन रोकने पर भड़का रेत माफिया

## कोटवार से मारपीट-पटवारी को दी ट्रैक्टर से कुचलने की धमकी

## बिरसा पुलिस ने दर्ज किया मामला- आरोपी घटना के बाद से फरार

**पद्मेश न्यूज। बिरसा।** जिले के बिरसा थाना क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन और परिवहन का कारोबार लगातार प्रशासन के लिए चुनौती बना हुआ है। ताजा मामले में अवैध रूप से रेत का परिवहन कर रहे एक रेत माफिया ने कार्रवाई करने पहुंचे राजस्व विभाग के कर्मचारियों के साथ न केवल अभद्रता की, बल्कि कोटवार के साथ मारपीट कर पटवारी को ट्रैक्टर से कुचलने की धमकी तक दे डाली। घटना के बाद आरोपी ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर मौके से फरार हो गया। बिरसा पुलिस ने आरोपी नरेश साहू पिता कन्हैया साहू ग्राम रमगढ़ी के निवासी के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### सूचना मिलने पर जांच के लिए पहुंचे थे पटवारी और कोटवार

प्राप्त जानकारी के अनुसार 28 मई को पटवारी यामिनी तुरकर को सूचना प्राप्त हुई थी कि बिरसा क्षेत्र के सुरवाही नाला से अवैध रूप से रेत का उत्खनन कर ट्रैक्टर-ट्रॉली के माध्यम से परिवहन किया जा रहा है। सूचना की पुष्टि और कार्रवाई के लिए पटवारी यामिनी तुरकर अपने क्षेत्र के कोटवार सुंदरलाल आग्रेकर के साथ सुरवाही नाला के समीप पहुंचे।दोनों राजस्व कर्मचारी मौके पर खड़े होकर निगरानी कर रहे थे। इसी दौरान एक बिना नंबर का ट्रैक्टर-ट्रॉली वहां पहुंचा। जिसकी ट्रॉली रेत से भरी हुई थी। संदेह होने पर कोटवार सुंदरलाल आग्रेकर ने ट्रैक्टर को रोककर चालक से पूछताछ की।

### रॉयल्टी दस्तावेज मांगने पर भड़क गया चालक

पूछताछ के दौरान चालक ने अपना नाम नरेश पिता कन्हैया साहू 40 वर्ष ग्राम रमगढ़ी थाना बिरसा निवासी बताया। राजस्व कर्मचारियों ने उससे रेत परिवहन संबंधी दस्तावेज एवं रॉयल्टी की जानकारी मांगी तथा बताया कि बिना अनुमति और रॉयल्टी के रेत परिवहन किए जाने पर ट्रैक्टर-ट्रॉली की जप्ती की कार्रवाई की जाएगी।यह सुनते ही नरेश साहू भड़क गया और राजस्व कर्मचारियों पर आक्रोशित हो उठा और कहने लगा कि तुम कौन होते हो मेरा ट्रैक्टर रोकने वाले और इसके बाद उसने पटवारी तथा कोटवार के साथ अभद्र व्यवहार शुरू कर दिया।

### कोटवार के साथ की मारपीट-दी जान से मारने की धमकी

बताया गया कि नरेश साहू ने दोनों कर्मचारी को अश्लील गालियां देना शुरू कर दिया। जब उसे ऐसा करने से रोका गया तो वह ट्रैक्टर से नीचे उतर आया और कोटवार सुंदरलाल आग्रेकर के साथ धक्का-मुक्की करते हुए मारपीट करने लगा।इसके बाद नरेश साहू ट्रैक्टर चालू कर भागने का प्रयास करने लगा। जब पटवारी और कोटवार ने उसे रोकने की कोशिश की तो उसने दोनों को ट्रैक्टर के सामने से हट जाने की धमकी देते रास्ते से नहीं हटे पर ट्रैक्टर उनके ऊपर चढ़ा देने की धमकी देने लगा। नरेश साहू के आक्रामक रवैये और धमकी से भयभीत होकर दोनों कर्मचारी अपनी सुरक्षा के लिए किनारे हो गए। मौका मिलते ही नरेश साहू रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर फरार हो गया।

### शासकीय कार्य में डाली बाधा- अपराध दर्ज

घटना के बाद कोटवार सुंदरलाल आग्रेकर, पटवारी यामिनी तुरकर तथा राजस्व निरीक्षक रंजन कुर्वेती के साथ बिरसा थाना पहुंचे और पूरे घटनाक्रम की लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में बताया गया कि नरेश साहू ने शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न की सरकारी कर्मचारियों के साथ अभद्रता की, मारपीट की तथा उन्हें जान से मारने की धमकी दी।बिरसा थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी नरेश साहू के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 296(बी), 221 और 132 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। पुलिस के अनुसार घटना के बाद से आरोपी फरार है।

### क्षेत्र में लगातार जारी है अवैध रेत कारोबार

उल्लेखनीय है कि बिरसा थाना क्षेत्र के विभिन्न नदी-नालों से लंबे समय से अवैध रेत उत्खनन और परिवहन की शिकायतें सामने आती रही हैं। इसके बावजूद रेत माफियाओं के हौसले बुलंद बने हुए हैं। ताजा घटना ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि आखिर अवैध रेत कारोबार में लिप्त लोगों के मन से कानून का भय क्यों समाप्त होता जा रहा है।


आवश्यकता है

10वीं/12वीं या पदवीधर/आई.टी.आई. की यश एलईडी टेक्नोलॉजी प्रा. लिमिटेड कम्पनी नागपुर में इंटरव्यू के लिये।

-संपर्क करें-
शिव प्रसाद परिहार
9823234770
9823020378


# रुपयों के लेनदेन को लेकर दो पक्षों में विवाद-एक महिला सहित चार घायल

## कोतवाली बालाघाट के छोटी कुम्हारी की घटना

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम छोटी कुम्हारी में रुपयों के लेनदेन को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि मामला मारपीट तक पहुंच गया। घटना में एक महिला सहित चार लोग घायल हो गए।घायलों में नितेश डहारे पिता मारुति डहारे 24 वर्ष, सरवन डहारे पिता शेषलाल डहारे 40 वर्ष, उनकी पत्नी लक्ष्मी डहारे 35 वर्ष तथा अजय बघेले पिता शेषमल बघेले 34 वर्ष शामिल हैं। जिनका इलाज जिला अस्पताल बालाघाट में किया गया

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम छोटी कुम्हारी में मौसम डहारे और अजय बघेले के बीच लंबे समय से रुपयों के लेनदेन को लेकर विवाद चल रहा था। बताया गया कि 29 मई की रात करीब 10-30 बजे गांव के चौक में दोनों के बीच इसी बात को लेकर कहासुनी शुरू हो गई। जो देखते ही देखते विवाद में बदल गई।विवाद बढ़ता देख मौसम डहारे के पिता सरवन डहारे और मां लक्ष्मी डहारे बीच-बचाव और समझाइश के लिए पहुंचे। आरोप है कि इसी दौरान अजय बघेले और अनिकेत बघेले ने दोनों पति-पत्नी के साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट कर दी। जब नितेश डहारे बचाव करने पहुंचा तो उसके साथ भी मारपीट की गई। पीड़ित पक्ष ने आरोप लगाया है कि आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी।वहीं दूसरे पक्ष के अजय बघेले ने भी आरोप लगाया है कि पैसों के लेनदेन को लेकर हुए विवाद के दौरान मौसम डहारे, नितेश डहारे और शेषलाल डहारे ने लकड़ी तथा हाथ-मुक्कों से उसकी पिटाई की। जिससे वह घायल हो गया।घटना के बाद दोनों पक्षों के घायल जिला अस्पताल अस्पताल लाकर भर्ती किया गया। जहां उनका उपचार किया गया। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# भीषण गर्मी में सिग्नल पर छांव की सुविधा, नगर पालिका की अनूठी पहल

## अंबेडकर चौक पर लगाया गया विशेष मंडप, सिग्नल पर रुकने वाले वाहन चालकों को मिलेगी राहत

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** भीषण गर्मी के बीच नगर पालिका ने आम नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एक सराहनीय पहल की है। शहर के अंबेडकर चौक स्थित ट्रैफिक सिग्नल पर रुकने वाले वाहन चालकों और राहगीरों को धूप से बचाने के लिए छायादार शेड तैयार कराया गया है। यह व्यवस्था नगर में पहली बार की गई है, जिसकी नागरिकों द्वारा भी प्रशंसा की जा रही है। नगर पालिका अध्यक्ष भारती सुरजीत ठाकुर ने बताया कि इन दिनों तापमान लगातार बढ़ रहा है और दोपहर के समय सिग्नल पर रुकने वाले लोगों को तेज धूप का सामना करना पड़ता है। ऐसे में नागरिकों को कुछ राहत प्रदान करने के उद्देश्य से सिग्नल के समीप लोहे के खंभों पर विशेष छायादार मंडप तैयार कराया गया है, जिससे वाहन चालक और राहगीर सिग्नल खुलने तक छांव में खड़े रह सकें। उन्होंने बताया कि बड़े शहरों के भ्रमण के दौरान उन्होंने देखा था कि वहां ट्रैफिक सिग्नलों पर लोगों की सुविधा के लिए गर्मी और बारिश से बचाव की विशेष व्यवस्थाएं की जाती हैं। इसी सोच को वारासिवनी में भी लागू करते हुए यह प्रयोग शुरू किया गया है। उनका कहना है कि भले ही नागरिकों को कुछ मिनटों के लिए ही सही, लेकिन तेज धूप से राहत मिलना भी बड़ी सुविधा है। नगर पालिका अध्यक्ष के अनुसार, गर्मी को देखते हुए उन्होंने कुछ समय के लिए ट्रैफिक सिग्नलों को बंद करने का सुझाव भी दिया था, लेकिन पुलिस प्रशासन ने यातायात व्यवस्था और लोगों में विकसित हो रही नियमों के पालन की आदत को ध्यान में रखते हुए ऐसा करने से इंकार कर दिया। प्रशासन का मानना था कि यदि सिग्नल बंद किए गए तो लोगों में यातायात नियमों के प्रति लापरवाही बढ़ सकती है। इसके बाद नगर पालिका ने वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में सिग्नल स्थल पर छायादार शेड तैयार कराया। इस पहल का उद्देश्य यातायात नियमों का पालन करने वाले नागरिकों को सुविधा प्रदान करना और भीषण गर्मी के प्रभाव को कम करना है। नगरवासियों ने इस नवाचार को जनहित में उठाया गया सकारात्मक कदम बताते हुए इसकी सराहना की है।



# आंधी-तूफान में उड़ा मकान का टीन शेड, 6 वर्षीय बालिका घायल

## कटेरा गांव में तेज बारिश और आंधी से हादसा, आंगन में गिरा टीन शेड, दोपहिया वाहन भी क्षतिग्रस्त

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** कटंगी क्षेत्र के ग्राम कटेरा में शनिवार शाम तेज आंधी, तूफान और बारिश के दौरान एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। शाम करीब 4 बजे अचानक आए तेज तूफान के कारण एक मकान का टीन शेड उड़कर दूसरे घर के आंगन में जा गिरा, जिससे एक 6 वर्षीय बालिका घायल हो गई। वहीं आंगन में खड़ा दोपहिया वाहन भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कटेरा निवासी राजेन्द्र प्रसाद चौहान के मकान के ऊपर लगा टीन शेड तेज आंधी और तूफान के कारण उखड़कर उड़ गया। तेज हवा के चलते टीन शेड पास ही स्थित मोतीराम चौहान के घर के आंगन में जा गिरा। हादसे के समय आंगन में चित्रसेन राणा की छह वर्षीय पुत्री मौजूद थी। अचानक गिरे टीन की चपेट में आने से बालिका के सिर में गंभीर चोट आई और टीन लगने से वह घायल हो गई। घटना के बाद परिजन और ग्रामीण तत्काल उसे उपचार के लिए कटंगी अस्पताल लेकर पहुंचे,



जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। घटना में आंगन में खड़ा एक दोपहिया वाहन भी टीन शेड की चपेट में आकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि राहत की बात यह रही कि इस हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। घटना के बाद गांव में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। ग्रामीणों ने बताया कि अचानक आई तेज आंधी और बारिश के कारण कई स्थानों पर नुकसान की स्थिति बनी। लोगों ने प्रशासन से प्राकृतिक आपदा के कारण हुए नुकसान का सर्वे कर आवश्यक सहायता प्रदान करने की मांग की है। गौरतलब है कि शनिवार को क्षेत्र में तेज आंधी, तूफान और बारिश का दौर देखने को मिला, जिससे कई स्थानों पर पेड़ गिरने, बिजली आपूर्ति बाधित होने और मकानों को नुकसान पहुंचने की घटनाएं सामने आई हैं। कटेरा गांव की यह घटना भी उसी दौरान हुई, जिसमें एक मासूम बालिका घायल हो गई। फिलहाल बालिका की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।


बारबेड वायर (कांटेदार तार) एवं चेन लिंक जाली
उचित दाम पर उपलब्ध
लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध
-निर्माता-
तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स
मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट
फोन:- 07632-243531
मो:- 8989976858, 9425139998

## न्यूज गैलरी

## कोतवाली के सामने दो मोटरसाइकिल आपस मे टकराई -एक आरक्षक सहित दो घायल

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** शहर के मोती नगर रोड स्थित कोतवाली के सामने शनिवार दोपहर एक सड़क दुर्घटना में आरक्षक सहित दो लोग घायल हो गए। दो मोटरसाइकिल की आमने-सामने टक्कर होने से यह हादसा हुआ।दोनो घायल जिनमे आरक्षक विकास बोरकर पिता गेंदालाल बोरकर 40 वर्ष दीनदयालपुरम बालाघाट और चंद्रप्रकाश लिल्हारे पिता ओमप्रकाश लिल्हारे 19 वर्ष ग्राम भानपुर थाना रामपायली





निवासी हैं। जिन्हें जिला अस्पताल बालाघाट में भर्ती किया गया है। जहां दोनों का उपचार जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आरक्षक विकास बोरकर कोतवाली बालाघाट में पदस्थ हैं। वहीं चंद्रप्रकाश लिल्हारे सतपुड़ा आईटीआई गर्रा में पॉली की पढ़ाई कर रहे हैं तथा नागपुर में निजी नौकरी भी करते हैं।बताया गया है कि 30 मई को चंद्रप्रकाश मोबाइल खरीदने के लिए मोटरसाइकिल में बालाघाट आए थे। मोबाइल खरीदने के बाद वे गायखुरी स्थित अपने मामा अशोक लिल्हारे के घर गए। मामा से मुलाकात करने के बाद दोपहर करीब 1:30 बजे वे मोटरसाइकिल से अपने गांव भानपुर जाने के लिए निकले। इस दौरान वे गायखुरी से अंबेडकर चौक। बालाघाट की ओर आ रहे थे।उधर आरक्षक विकास बोरकर न्यायालय से शासकीय कार्य निपटाकर मोटरसाइकिल से कोतवाली लौट रहे थे। कोतवाली के ठीक सामने से मोटरसाइकिल मोड़ने के दौरान उनकी मोटरसाइकिल और चंद्रप्रकाश की मोटरसाइकिल आपस में टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों मोटरसाइकिल सहित सड़क पर गिरने से घायल हो गए।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को पुलिस वाहन से जिला अस्पताल बालाघाट पहुंचाकर भर्ती कराया गया। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

# वनवासी शब्द के विरोध में आदिवासी समाज का उग्र प्रदर्शन, दूसरे दिन भी सड़कों पर उतरे समाजजन

## रैली निकालकर सौंपा ज्ञापन, आदिवासी पहचान और अस्तित्व से जुड़ा बताया मुद्दा

सिटी रिपोर्टर।
पद्मेश न्यूज। बालाघाट।



**केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा दिल्ली में आयोजित जनजातीय सुरक्षा मंच के एक कार्यक्रम में आदिवासी समाज के लिए वनवासी शब्द के उपयोग को लेकर जिले में विरोध का स्वर लगातार तेज होता जा रहा है। गोंडवाना गोंड महासभा के नेतृत्व में आदिवासी समाज ने लगातार दूसरे दिन भी प्रदर्शन करते हुए अपनी नाराजगी जाहिर की। समाजजनों ने पहले सभा आयोजित कर अपनी बात रखी, इसके बाद शहर में रैली निकालकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा और आदिवासी पहचान के सम्मान की मांग की। गोंडवाना गोंड महासभा द्वारा इस मुद्दे को लेकर दो दिवसीय विरोध कार्यक्रम आयोजित किया गया। आंदोलन के पहले दिन समाज के लोगों ने विरोध स्वरूप पुतला दहन कर अपना आक्रोश व्यक्त किया था, जबकि दूसरे दिन आंदोलन को और व्यापक रूप देते हुए बड़ी संख्या में समाजजन शहर के उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में एकत्रित हुए।**

आयोजित सभा में समाज के विभिन्न वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने कहा कि आदिवासी समाज की पहचान, संस्कृति और इतिहास को लेकर किसी भी प्रकार की भ्रम की स्थिति स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि आदिवासी शब्द केवल एक नाम नहीं, बल्कि हजारों वर्षों से चली आ रही सांस्कृतिक, सामाजिक और ऐतिहासिक विरासत का प्रतीक है। सभा के दौरान वक्ताओं ने केंद्र सरकार और गृहमंत्री की टिप्पणी पर अपनी आपत्ति दर्ज कराते हुए कहा कि आदिवासी समाज स्वयं को अपनी मूल पहचान के साथ देखता है और उसी पहचान को बनाए रखने के लिए संघर्ष करता रहेगा। वक्ताओं ने यह भी कहा कि आदिवासी समाज का इतिहास, परंपराएं और जीवनशैली देश की सांस्कृतिक विविधता का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, जिन्हें किसी अन्य शब्दावली से परिभाषित नहीं किया जा सकता। सभा के उपरांत शाम लगभग 5 बजे बड़ी संख्या में समाजजन उत्कृष्ट विद्यालय परिसर से रैली के रूप में निकले। रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई कालीपुतली चौक पहुंची। इस दौरान प्रदर्शनकारी हाथों में बैनर और तख्तियां लिए हुए थे तथा आदिवासी को वनवासी कहना बंद करो, आदिवासी पहचान का सम्मान करो जैसे नारे लगा रहे थे। रैली के दौरान पूरे मार्ग में प्रदर्शनकारियों ने अपनी मांगों को जोरदार तरीके से उठाया। कालीपुतली चौक पहुंचने के बाद समाज के प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से आदिवासी समाज की भावनाओं से सरकार को अवगत कराते हुए मांग की गई कि आदिवासी समुदाय की पहचान और सम्मान को लेकर संवेदनशीलता बरती जाए तथा इस विषय पर स्पष्ट रुख अपनाया जाए। इस अवसर पर गोंडवाना गोंड महासभा के अध्यक्ष भुवनसिंह कोर्राम ने कहा कि देश के एक जिम्मेदार और संवैधानिक पद पर बैठे गृहमंत्री द्वारा आदिवासी समाज को 'वनवासी' कहे जाने से समाज में गहरा आक्रोश है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज अपनी ऐतिहासिक पहचान को लेकर सदैव सजग रहा है और किसी भी स्तर पर उसकी पहचान बदलने या कमजोर करने के प्रयासों का विरोध करेगा। उन्होंने कहा कि भगवान राम वनवास में गए थे, इसलिए उन्हें वनवासी कहा जा सकता है, लेकिन माता शबरी आदिवासी थीं। आदिवासी समाज की अपनी अलग सांस्कृतिक और ऐतिहासिक पहचान है, जिसे किसी अन्य शब्द से प्रतिस्थापित नहीं किया जा सकता। उन्होंने दावा किया कि विभिन्न ऐतिहासिक, पुरातात्विक और वैज्ञानिक अध्ययनों में आदिवासी समुदाय को इस भूमि के प्राचीन निवासियों के रूप में उल्लेखित किया गया है। भुवनसिंह कोर्राम ने आरोप लगाया कि आदिवासी समाज की पहचान को बदलने का प्रयास लंबे समय से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि समाज इस प्रकार के प्रयासों को स्वीकार नहीं करेगा और अपने अधिकारों, अस्तित्व तथा पहचान की रक्षा के लिए लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष जारी रखेगा। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज का यह आंदोलन किसी व्यक्ति विशेष के खिलाफ नहीं, बल्कि अपनी पहचान और सम्मान की रक्षा के लिए है। यदि भविष्य में भी इस तरह की टिप्पणियां होती हैं या समाज की भावनाओं की अनदेखी की जाती है, तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। प्रदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे समाज के पदाधिकारी, युवा, महिलाएं और बड़ी संख्या में समाजजन शामिल रहे। आंदोलन के दौरान पूरे समय आदिवासी अस्मिता, पहचान और अधिकारों से जुड़े मुद्दे प्रमुखता से उठाए गए। समाज के नेताओं का कहना है कि आदिवासी समुदाय अपने संवैधानिक अधिकारों और ऐतिहासिक पहचान को लेकर पूरी तरह सजग है तथा किसी भी प्रकार की वैचारिक या सामाजिक चुनौती का लोकतांत्रिक तरीके से जवाब देने के लिए प्रतिबद्ध है। आंदोलन के माध्यम से समाज ने सरकार तक अपना संदेश पहुंचाने का प्रयास किया है और आने वाले समय में इस मुद्दे पर आगे की रणनीति तय करने की बात भी कही है।

# महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष की तलाश शुरू, प्रभारी मंजू मिश्रा ने टटोली कार्यकर्ताओं की नब्ज

### जमीनी स्तर पर काम करने वाली महिलाओं को मिलेगी जिम्मेदारी, पदाधिकारियों से की संगठन विस्तार और कार्यकारिणी गठन पर हुई चर्चा

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** महिला कांग्रेस के प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर शनिवार को महिला कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री मंजू मिश्रा बालाघाट पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने जिला महिला कांग्रेस की पदाधिकारियों और सक्रिय कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर संगठनात्मक गतिविधियों, जिला अध्यक्ष चयन प्रक्रिया तथा नई कार्यकारिणी के गठन को लेकर विस्तृत चर्चा की। बैठक के बाद मीडिया से चर्चा करते हुए मंजू मिश्रा ने बताया कि उनका दौरा महिला कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश नेतृत्व द्वारा जिला स्तर पर संगठन को सशक्त बनाने की प्रक्रिया चल रही है, जिसके तहत विभिन्न जिलों से योग्य और सक्रिय महिला कार्यकर्ताओं के नामों पर विचार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बालाघाट जिले से महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष पद के लिए दो नाम प्रदेश नेतृत्व के समक्ष भेजे जाएंगे। इन नामों का चयन संगठन के लिए लंबे समय से कार्य कर रही, सक्रिय और जमीनी स्तर पर महिलाओं के बीच काम करने वाली कार्यकर्ताओं में से किया जाएगा। मंजू मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी उन महिलाओं को आगे लाना चाहती है जिन्होंने वर्षों तक संगठन के लिए निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य किया है। ऐसे कार्यकर्ताओं को नेतृत्व की जिम्मेदारी देकर संगठन को और अधिक मजबूत बनाया जाएगा।

लंबे समय से लंबित महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर एक बार फिर संगठनात्मक गतिविधियां तेज होती नजर आ रही हैं। प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष के निर्देश पर बालाघाट जिले की प्रभारी नियुक्त की गईं मंजू मिश्रा शनिवार को पहली बार बालाघाट पहुंचीं। उन्होंने स्थानीय सर्किट हाउस में महिला कांग्रेस पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के साथ बैठक कर संगठन की स्थिति और जिला अध्यक्ष चयन को लेकर विस्तृत चर्चा की। महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष की नियुक्ति पिछले काफी समय से लंबित है। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष रीना दीदी के निर्देशन में मंजू मिश्रा को बालाघाट का प्रभारी बनाया गया है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दोपहर 3 बजे आयोजित बैठक में जिलेभर से महिला कांग्रेस की पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुईं। बैठक में बालाघाट विधायक अनुभा मुंजारे, पुष्पा बिसेन सहित संगठन से जुड़े कई पदाधिकारी भी मौजूद रहे। बैठक के दौरान संगठन सृजन, महिला कांग्रेस की आगामी रणनीति, जिला अध्यक्ष की नियुक्ति तथा कार्यकारिणी गठन जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रभारी मंजू मिश्रा ने उपस्थित महिलाओं से व्यक्तिगत रूप से संवाद कर संगठन में उनकी भूमिका, सक्रियता और



कार्यों की जानकारी भी ली। बैठक के बाद मीडिया से चर्चा करते हुए मंजू मिश्रा ने बताया कि प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर वह बालाघाट आई हैं। उन्होंने कहा कि जिले में लंबे समय से महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष की नियुक्ति नहीं हो पाई है, जिसके चलते संगठनात्मक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। इसी उद्देश्य से कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से चर्चा कर संभावित नामों पर राय ली जा रही है। उन्होंने बताया कि चर्चा के बाद दो नाम प्रदेश नेतृत्व के समक्ष भेजे जाएंगे। जिन नामों पर संगठन और नेतृत्व की सहमति बनेगी, उनमें से एक को जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। इसके बाद जिला कार्यकारिणी का गठन भी किया जाएगा। मंजू मिश्रा ने स्पष्ट किया कि महिला कांग्रेस में जिम्मेदारी केवल भीड़ जुटाने के आधार पर नहीं दी जाएगी। संगठन उन महिलाओं को प्राथमिकता देगा जिन्होंने पिछले वर्षों में जमीनी स्तर पर सक्रिय रहकर पार्टी के लिए कार्य किया है। उन्होंने कहा कि यह देखा जाएगा कि संबंधित महिला ने संगठन के लिए कितना समय दिया, कितने आंदोलन, धरने-प्रदर्शन और जनहित के मुद्दों पर संघर्ष किया तथा सरकार की नीतियों के खिलाफ कितनी सक्रियता से आवाज उठाई। उन्होंने कहा कि महिला कांग्रेस अब सक्रिय और संघर्षशील कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ाने की नीति पर काम कर रही है। इसलिए संगठन में पद पाने के लिए केवल समर्थन जुटाना पर्याप्त नहीं होगा, बल्कि कार्यकर्ता की सक्रियता और संगठन के प्रति समर्पण भी प्रमुख आधार होगा।

गौरतलब है कि इससे पहले भी महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर सर्किट हाउस में एक बैठक आयोजित की गई थी, लेकिन उस बैठक के बाद कोई ठोस निर्णय सामने नहीं आया था। ऐसे में अब एक बार फिर प्रदेश नेतृत्व द्वारा भेजी गई प्रभारी की बैठक के बाद राजनीतिक गलियारों में चर्चा तेज हो गई है। हालांकि अंतिम निर्णय प्रदेश नेतृत्व को लेना है, लेकिन जिले की महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं की नजरें अब इस बात पर टिकी हैं कि इस बार नियुक्ति प्रक्रिया किसी निष्कर्ष तक पहुंचती है या फिर पूर्व की बैठकों की तरह यह कवायद भी केवल चर्चा तक ही सीमित रह जाती है।

### स्वागत-सत्कार के लिए धन खर्च ना करें, पार्टी को मजबूत करे- मंजू

उन्होंने अपने संबोधन में एक महत्वपूर्ण संदेश देते हुए कहा कि उनके दौरे के दौरान कोई भी कार्यकर्ता या पदाधिकारी उनके लिए किसी प्रकार का आर्थिक व्यय न करे। उन्होंने स्पष्ट कहा कि वह अपने सभी व्यक्तिगत खर्च स्वयं वहन करती हैं और किसी से भी स्वागत-सत्कार या अन्य व्यवस्थाओं के लिए धन खर्च करने की अपेक्षा नहीं रखतीं। मंजू मिश्रा ने कहा कि वह जहां भी दौरे पर जाती हैं, अपने खर्च पर यात्रा करती हैं और यहां तक कि पीने के लिए पानी भी अपने साथ लेकर चलती हैं। उनका मानना है कि संगठन के कार्यकर्ताओं का समय और संसाधन केवल संगठन को मजबूत करने में लगना चाहिए, न कि नेताओं के स्वागत और व्यवस्थाओं में। उन्होंने कहा कि यदि सभी कार्यकर्ता ईमानदारी, समर्पण और निस्वार्थ भाव से संगठन के लिए कार्य करेंगे तो महिला कांग्रेस आने वाले समय में और अधिक मजबूत होकर उभरेगी।

# तेज धमाके के साथ ट्रांसफार्मर में लगी आग, मची अफरा-तफरी

### वारासिवनी रोड पर विधायक कार्यालय के सामने हुई घटना, समय रहते पाया गया आग पर काबू

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** शहर में लगातार बढ़ रहे विद्युत लोड के कारण ट्रांसफार्मरों में आग लगने की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। बीते कुछ दिनों में शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में ट्रांसफार्मर जलने और आग लगने की तीन से चार घटनाएं सामने आ चुकी हैं। इसी कड़ी में शनिवार 30 मई को एक बार फिर वारासिवनी रोड स्थित परसवाड़ा विधायक कार्यालय के सामने और सिंचाई विभाग कार्यालय के समीप लगे ट्रांसफार्मर में अचानक आग लग गई। घटना के दौरान तेज धमाके जैसी आवाज सुनाई दी, जिससे क्षेत्र में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोपहर के समय क्षेत्र में सामान्य रूप से आवागमन जारी था। इसी दौरान अचानक ट्रांसफार्मर से जोरदार विस्फोट की आवाज आई। धमाका इतना तेज था कि आसपास मौजूद लोग घबरा गए और कुछ क्षणों के लिए समझ ही नहीं पाए कि आखिर हुआ क्या है। लोगों ने जब ट्रांसफार्मर की ओर देखा तो उसमें से धुआं और लपटें उठती दिखाई दीं। देखते ही देखते आग ने ट्रांसफार्मर को अपनी चपेट में ले लिया। घटना के बाद कुछ समय के लिए सड़क पर आवागमन भी प्रभावित हुआ। राहगीर और आसपास के लोग सुरक्षित दूरी पर खड़े होकर स्थिति को देखते रहे। स्थानीय लोगों ने तत्काल इसकी सूचना विद्युत विभाग और नगर पालिका को दी। सूचना मिलते ही संबंधित विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंचे तथा सबसे पहले विद्युत आपूर्ति बंद कराई गई, ताकि कोई बड़ा हादसा न हो सके। इसके बाद नगर पालिका की फायर ब्रिगेड को बुलाया गया। फायर ब्रिगेड दल ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का कार्य शुरू किया और कुछ ही समय में आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। अधिकारियों की तत्परता के चलते किसी प्रकार की जनहानि या अन्य बड़ी क्षति नहीं हुई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि अचानक हुए धमाके से लोग काफी डर गए थे। कई लोगों को ऐसा लगा जैसे किसी वाहन का टायर फटा हो या कोई अन्य बड़ा हादसा हुआ हो, लेकिन जब लोगों ने ट्रांसफार्मर में आग की लपटें देखीं तो स्थिति स्पष्ट हुई। आग लगने के बाद आसपास के दुकानदार और राहगीर भी सतर्क हो गए थे। जानकारों का मानना है कि भीषण गर्मी के चलते शहर में बिजली की खपत लगातार बढ़ रही है। घरों और प्रतिष्ठानों में कूलर, एयर कंडीशनर, पंखे तथा अन्य विद्युत उपकरणों का उपयोग बढ़ने से विद्युत भार सामान्य से कहीं अधिक हो गया है। यही कारण है कि कई क्षेत्रों में ट्रांसफार्मर ओवरलोड हो रहे हैं और तकनीकी खराबियों के चलते आग लगने जैसी घटनाएं सामने आ रही हैं। उल्लेखनीय है कि हाल ही में नगर पालिका और विद्युत विभाग द्वारा संयुक्त निरीक्षण कर शहर के विभिन्न वार्डों में नए ट्रांसफार्मर लगाने तथा पुराने ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाने की कार्ययोजना तैयार की गई है।

# गोंदिया रोड पर सड़क हादसा : मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर गिरने से आरक्षक घायल

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** नगर के गोंदिया रोड स्थित कृष्णा दूध डेयरी चौक के पास शुक्रवार रात्रि एक सड़क दुर्घटना में जिला पुलिस बल में पदस्थ एक आरक्षक घायल हो गया। घायलनगोपाल पिता फूल सिंह इडपाचे 38 वर्ष वार्ड क्रमांक 13, बूढ़ी बालाघाट निवासी हैं।जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसका उपचार जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गोपाल इडपाचे पुलिस बल बालाघाट में आरक्षक के पद पर कार्यरत हैं। वे अपने परिवार के साथ बूढ़ी में निवास करते हैं।बताया गया कि आरक्षक गोपाल 23 मई को रीवा स्थित पीटीएस से प्रशिक्षण पूर्ण कर बालाघाट लौटे थे। 29 मई को वे अपनी पत्नी और बच्चों के साथ अपने पैतृक गांव पेंदी टोला (लोढ़ागी) गए हुए थे। शाम करीब 5 बजे गोपाल मोटरसाइकिल से अकेले बालाघाट के लिए रवाना हुए।जबकि उनकी पत्नी और बच्चे बस से बालाघाट आ रहे थे।रात्रि लगभग 9 बजे जब वे गोंदिया रोड स्थित कृष्णा दूध डेयरी चौक के पास पहुंचे। तभी अचानक उनकी मोटरसाइकिल के सामने दूसरी मोटरसाइकिल आ गई। सामने वाहन आने से गोपाल अपनी मोटरसाइकिल पर नियंत्रण नहीं रख पाए और वअनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गया। हादसे में उन्हें गंभीर चोटें आईं।दुर्घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ने तत्काल सहायता पहुंचाई और घायल आरक्षक गोपाल को जिला अस्पताल बालाघाट पहुंचाया, जहां चिकित्सकों द्वारा उनका उपचार किया जा रहा है।



# टेमनी में 357 ट्राली अवैध रेत भंडारण जप्त

## सरपंच के घर पैरा के नीचे छुपा कर रखी गई थी 30 ट्राली रेत





**पद्मेश न्यूज। लांजी।** लांजी क्षेत्र में लगातार खबरे प्रकाशित की जा रही थी कि क्षेत्र के अनेको रेत घाटों मे जमकर अवैध रूप से रेत का कारोबार फल फुल रहा है। कुछ ही दिनों पूर्व ग्राम टेमनी में बडे पैमाने पर रेत का कारोबार किये जाने की जानकारी भी प्रकाशित की गई थी जहां 40 से 50 ट्रैक्टर रोजाना रेत का कारोबार कर रहे है। यह जानकारी सामने आ रही थी इन खबरो पर अब मुहर लग चुकी है जहां प्रशासन, पुलिस विभाग एवं खनिज विभाग ने संयुक्त कार्यवाही लांजी जनपद क्षेत्र के ग्राम टेमनी संयुक्त रूप से दबिश देकर लगभग 357 ट्रॉली जप्त कर प्रेस विज्ञप्ति भी जारी की गई है। लांजी क्षेत्र के ग्राम टेमनी में प्रशासन, खनिज विभाग और पुलिस की संयुक्त छापामार कार्रवाई के दौरान अवैध रेत भंडारण का बड़ा मामला सामने आया है। कार्रवाई के दौरान सबसे चौंकाने वाला खुलासा तब हुआ, जब ग्राम टेमनी के सरपंच के घर में धान के पैरा (पुआल) के नीचे छिपाकर रखी गई 30 ट्रॉली रेत बरामद की गई। प्रशासन ने इसे अवैध भंडारण मानते हुए तत्काल जब्त कर लिया। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व लांजी कमलचंद सिंहसार के नेतृत्व में, तहसीलदार लांजी, जिला खनिज अमला, थाना प्रभारी लांजी एवं पुलिस लाइन बालाघाट के बल द्वारा संयुक्त रूप से खनिज रेत के अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध छापामार कार्रवाई की गई। जांच के दौरान ग्राम टेमनी में शासकीय एवं निजी भूमि पर कुल 357 ट्रॉली रेत का अवैध भंडारण पाया गया। कार्रवाई के दौरान ग्राम पंचायत टेमनी के सरपंच के घर में धान के पैरा के नीचे रेत छिपाकर रखी गई थी। मौके पर रेत भंडारण संबंधी कोई वैध अनुमति अथवा रॉयल्टी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर 30 ट्रॉली रेत जब्त कर ग्राम पंचायत टेमनी के ग्राम कोटवार की सुपुर्दगी में सौंप दी गई।

### इन घरों से भी की गई रेत जप्त, हुई जप्ती की कार्यवाही

उप संचालक खनिज सुश्री फरहत जहां ने बताया कि ग्राम टेमनी में विभिन्न स्थानों से अवैध रूप से भंडारित रेत जब्त की गई, जिनमें जितेंद्र पिता ज्ञानी सिंह के घर से 7 ट्रॉली, लक्ष्मण पिता टिकनसिंह के घर से 55 ट्रॉली, शैलेन्द्र पिता राधेश्याम के घर से 77 ट्रॉली, अशोक पिता भिवराम के घर से 50 ट्रॉली, रुद्धन पिता सुंदरलाल के घर से 10 ट्रॉली, लक्ष्मण पिता तानूसिंह के घर से 30 ट्रॉली, दौलतराम पिता धानूलाल के घर से 30 ट्रॉली, समीर पिता पुरुषोत्तम के घर से 18 ट्रॉली, महेश पिता लेखराम के घर से 30 ट्रॉली, शैलेन्द्र प्रताप सिंह के घर से 40 ट्रॉली तथा कल्याण पिता केशवराव के घर से 10 ट्रॉली रेत शामिल है। खनिज विभाग के अनुसार जब्त की गई समस्त रेत पर मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण का निवारण) नियम, 2022 के तहत वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। प्रशासनिक अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध खनन एवं रेत के अवैध भंडारण के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### अब देखना होगा महाराष्ट्र से आ रही रेत के डंपर पर कब होती है कार्यवाही

लांजी क्षेत्र में जहां रेत घाटों से अवैध रेत का कारोबार फल फुल रहा है वहीं लांजी क्षेत्र के महाराष्ट्र से लगे हुये ग्रामो में डंपरो के माध्यम से बडे पैमाने पर रेत का अवैध कारोबार फल फुल रहा है। सर्वाधिक कारोबार बहेला थाना क्षेत्र में देखने को मिल रहा है जहां आमगांव क्षेत्र सहित महाराष्ट्र के गल्लाटोला से रोजाना अंधियाटोला होते हुये डंपर आते है। बहेला क्षेत्र के रिसेवाड़ा सहित अनेको ग्रामो में भी रेत डंप करके रखा जाकर अधिक दामों मे बेचा रहा है। इन अवैध रूप से संचालित डंपरो पर भी कार्यवाही की मांग तेज हो रही है।

# क्षेत्र के ग्रामों में हुआ नि:शुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** सेवा कार्यो मे हमेशा अग्रणी रहने वाली संस्था महावीर इंटरनेशलन के द्वारा लांजी क्षेत्र के अनेको ग्रामों में 26 मई से लेकर 30 मई तक ग्रामीण जनों की सुविधाओं को देखते हुये नेत्र एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाकर सैकड़ो लोगो का उपचार करवाया गया। सेवा, प्रेम और शांति का संदेश फैलाना, सबकी सेवा, सबको प्यार' यही महावीर इंटरनेशनल का मूल मंत्र है। महावीर इंटरनेशनल लांजी द्वारा निश्शुल्क नेत्र,स्वास्थ जांच शिविर का आयोजन लांजी, भानेगांव, कुम्हारिकला, बोलेगांव, घोटी, बहेला , साडरा कान्द्रिकला, रिसेवाडा, कारंजा, सभी ग्रामों के मुख्य केन्द्रीत स्थानों पर आयोजित किया गया, साथ ही सेवा कार्य में प्रशिक्षित डॉक्टर कर्मवीर सिंह और सहयोगी अरशद खान, इंद्रकुमार राजा भुते के द्वारा शिविर सम्पन्न किया गया, इस अवसर पर चयनित हुए लोगों




को स्वास्थ मार्गदर्शन लाभ के लिए सम्पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाएगा। ,महावीर इंटरनेशनल के जोन चेयरमेन महाकौशल चेयरमैन लांजी केंद्र विशाल राउत खोंगल ने कहा प्राणी मात्र सेवा के लिए समर्पित संस्था, द्वारा महावीर स्वास्थ सेवा केंद्रों के माध्यम उक्त स्वास्थ्य सुविधा स्थानीय लोगों को प्रदान की जा रही है। अब नागरिकों को दूर दूर तक सफर करने की जरूरत नहीं अपने निकटतम सेवा केंद्र में पहुंचकर जांच परामर्श मार्गदर्शन प्राप्त कर सेवा का लाभ ले । मरीजों की सारी सुविधा केंद्र से ही प्रदान की जावेगी।

# बहेला - पंचमटोला सीसी सड़क निर्माण की गुणवत्ता को लेकर हो रहा विडियो वायरल

## लोक निर्माण विभाग बेखबर

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** मुख्यमंत्री विशिष्ट निधि से स्वीकृत 1 करोड़ 32 लाख 66 हजार रुपये की लागत वाली बहेला से पंचमटोला सीसी सड़क का निर्माण





कार्य शुरू तो विकास की उम्मीदों के साथ हुआ था, लेकिन अब यह सड़क निर्माण अपनी गुणवत्ता से ज्यादा कथित गड़बड़ियों और सवालों को लेकर चर्चा में है। निर्माण स्थल पर पहुंच रहे ग्रामीण खुलकर सड़क की गुणवत्ता पर सवाल उठा रहे हैं। कई ग्रामीणों ने निर्माण कार्य के वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर भी वायरल किए हैं, जिनमें बेस निर्माण को लेकर गंभीर आपत्तियां दर्ज की जा रही हैं। हैरत की बात यह है कि पूरे मामले पर लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) अब तक बेखबर या यूं कहें कि अंजान बना बैठा दिखाई दे रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि एक किलोमीटर लंबी सड़क के लिए करोड़ों रुपये स्वीकृत होने के बावजूद बेस निर्माण में ही जमकर मनमानी की जा रही है। मौके पर डाली जा रही बेस की परत बेहद पतली बताई जा रही है, जबकि बीच-बीच में ईंटों के टुकड़े डालकर निर्माण को मजबूत दिखाने की कोशिश की जा रही है। लोगों का कहना है कि सड़क की बुनियाद ही कमजोर रखी जाएगी तो आने वाले समय में सड़क की हालत क्या होगी, इसका अंदाजा अभी से लगाया जा सकता है। फि लहाल बहेला-पंचमटोला सड़क निर्माण को लेकर गांव में माहौल गर्म है। ग्रामीणों के बीच इस बात को लेकर खासा गुस्सा और बेचैनी है कि जिस सड़क से वर्षों पुरानी आवागमन की परेशानी दूर होने की उम्मीद थी, उसी सड़क के निर्माण में शुरूआती दौर से ही कथित भ्रष्टाचार की गंध आने लगी है। गांव के लोगों का कहना है कि करोड़ों रुपये की परियोजना में यदि बेस निर्माण ही सवालों के घेरे में है तो आगे बनने वाली सीसी सड़क की गुणवत्ता पर भरोसा करना मुश्किल है। ग्रामीणों के अनुसार इस सड़क निर्माण कार्य में पहले ही दो ठेकेदार बदले जा चुके हैं और वर्तमान में तीसरे ठेकेदार द्वारा कार्य कराया जा रहा है। इसके बावजूद निर्माण कार्य को लेकर शिकायतों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। ग्रामीणों का कहना है कि ठेकेदार बदलने से यदि गुणवत्ता में सुधार नहीं आता तो फिर बदलाव का उद्देश्य ही क्या रह जाता है। ग्रामीणो ने जहां विभाग को इस मार्ग को लेकर आड़े हाथों लिया है वहीं क्षेत्रीय विधायक से भी निर्माण कार्य को लेकर शिकायतें की गई है। कहा गया है कि आपके द्वारा करोड़ो रूपये इस मार्ग के लिये स्वीकृत किये गये है जिससे निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ है। लेकिन ठेकेदार घटिया निर्माण कार्य कर कार्य पर पलीता लगाने में तुला हुआ है। आप इस निर्माण कार्य को संज्ञान में लेवे तथा अधिकारियो को भी निर्देश जारी करें की समय समय पर निर्माण कार्य का निरीक्षण किया जाये ताकि बहेला पंचमटोला मार्ग का गुणवत्ता पूर्वक निर्माण कार्य हो सके। ग्रामीणों का कहना है कि जब सोशल मीडिया तक निर्माण कार्य के वीडियो पहुंच चुके हैं और गांव में खुलेआम गुणवत्ता को लेकर चर्चा हो रही है तब भी विभागीय अमला मौके पर सक्रिय नजर नहीं आ रहा। इससे विभाग की निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल खड़े होने लगे हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचकर निर्माण सामग्री और कार्य की तकनीकी जांच कराएं। ग्रामीणों का कहना है की विभाग के अधिकारी सिर्फ शासकीय वाहनों में अपने घर से दफ्तर और दफ्तर से घर के अलावा कहीं नहीं जाते जिसके कारण ठेकेदार और उसके कर्मचारी इस तरह के भ्रष्टाचार को आसानी से अंजाम दे जाते हैं। ग्राम पंचायत बहेला की सरपंच श्रीमती सुनीता अशोक चौरागड़े ने कहा कि सड़क निर्माण की गुणवत्ता को लेकर ग्रामीणों से शिकायतें प्राप्त हुई हैं। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए ठेकेदार को मौके पर बुलाया गया है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि गुणवत्ताहीन निर्माण किसी भी रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा। सड़क निर्माण शासन की महत्वपूर्ण योजना है और इसमें निर्धारित मापदंडों का पालन अनिवार्य है। ठेकेदार को मौके पर बुलाकर आवश्यक हिदायत दी जाएगी तथा कार्य गुणवत्तापूर्ण तरीके से कराने के निर्देश दिए जाएंगे। यदि निर्माण में किसी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित विभाग सहित कलेक्टर बालाघाट को शिकायतें की जावेगी।

# लाखों का राजस्व प्रदान करने वाले साप्ताहिक बाजार का हाल-बेहाल

## बाजार में पानी निकासी को लेकर नगर परिषद बेखबर





**पद्मेश न्यूज। लांजी।** हर हफ्ते लाखों रुपये राजस्व प्रदान करने वाला साप्ताहिक बाजार लांजी नगर परिषद की लापरवाही का जीता-जागता मिसाल बना है। दावों और फाईलों में विकास की गंगा बहाने वाले अधिकारियों की आंखों पर इस कदर लापरवाह होने का चश्मा चढ़ा है कि उन्हें बाजार परिसर में पसरी बदइंतजामी और गंदगी का यह मंजर दिखाई ही नहीं देता। हालात इस कदर बदतर हो चुके हैं कि जो चबूतरे कभी व्यापारियों और सब्जी विक्रेताओं को सहूलियत देने के लिए बनाए गए थे, वे आज खुद अपनी बदहाली का ढिंढोरा पीट रहे हैं। नगर के सबसे बड़े व्यापारिक केंद्रों में शामिल इस बाजार की हालत देखकर सहज ही सवाल उठता है कि आखिर जनता से वसूले जा रहे शुल्क और कर की रकम खर्च कहां हो रही है? तस्वीरों में साफ दिखाई दे रहा है कि सब्जी विक्रेताओं, ग्रामीण व्यापारियों और अन्य दुकानदारों के लिए बनाए गए पक्के चबूतरे जगह-जगह से जर्जर हो चुके हैं। कई स्थानों पर दरारें उभर आई हैं। बाजार परिसर में अव्यवस्था इस कदर पसरी हुई है कि यह किसी व्यवस्थित व्यापारिक केंद्र की बजाय उपेक्षा के शिकार किसी लावारिसपन का मंजर पेश करता है। सबसे हैरत की बात यह है कि मानसून की दस्तक में अब दो सप्ताह से भी कम समय शेष है, लेकिन बाजार परिसर में जल निकासी की कोई ठोस व्यवस्था नजर नहीं आती। चबूतरों के आसपास की स्थिति देखकर साफ अंदेशा है कि बारिश शुरू होते ही यहां पानी भराव और कीचड़ की गंभीर समस्या खड़ी हो जाएगी। हजारों लोगों की आवाजाही वाले इस परिसर में यदि समय रहते सुधार नहीं किया गया तो व्यापारियों और ग्राहकों दोनों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

### हर हफ्ते 10 हजार से ज्यादा



### लोगों की आवाजाही

साप्ताहिक बाजार के दिन यहां आसपास के दर्जनों गांवों से किसान, व्यापारी और खरीदार पहुंचते हैं। अनुमानित तौर पर 10 हजार से अधिक लोगों का आना-जाना होता है, लेकिन सुविधाओं के नाम पर स्थिति बेहद निराशाजनक है। पेयजल के लिए मौजूद एकमात्र हैंडपंप भी गंदगी के साये में घिरा हुआ है। उसके आसपास फैली गंदगी और दुर्गंध लोगों को पानी लेने से पहले कई बार सोचने पर मजबूर कर देती है। विडंबना यह भी है कि इसी हैंडपंप के समीप मछली और मटन मार्केट संचालित होता है। ऐसे में स्वच्छता और स्वास्थ्य संबंधी गंभीर प्रश्न खड़े हो रहे हैं। बाजार आने वाले कई लोग इस क्षेत्र में जाने से भी कतराते हैं।

### मछली वाहनों का गंदा पानी भी परिसर में.

स्थानीय लोगों के अनुसार मछली कारोबार से जुड़े वाहन बाजार परिसर में ही गंदा और दुर्गंधयुक्त पानी उड़ेल देते हैं। इससे परिसर की स्थिति और अधिक खराब हो जाती है। गर्मी के दिनों में यह बदबू लोगों के लिए अतिरिक्त परेशानी का सबब बनती है। बाजार समाप्त होने के बाद भी हालात नहीं सुधरते। आरोप है कि अगले दिन से लेकर शनिवार तक नगर परिषद के कर्मचारी परिसर की ओर झांकना तक जरूरी नहीं समझते। नतीजा यह है कि चारों तरफ कचरा, गंदगी और अव्यवस्था का आलम बना रहता है। जगह-जगह फैला कूड़ा नगर परिषद की सफाई व्यवस्था पर बड़ा सवालिया निशान खड़ा करता है।

### कमाई में दिलचस्पी, सुविधाओं से बेरुखी

जनता के बीच अब यह चर्चा आम हो चली है कि नगर परिषद की दिलचस्पी बाजार से राजस्व वसूली तक सीमित होकर रह गई है। व्यापारियों से शुल्क लिया जाता है, लेकिन बदले में मूलभूत सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं कराई जा रहीं। सड़क, सफाई, जल निकासी, पेयजल और स्वच्छ वातावरण जैसी बुनियादी जरूरतें भी यहां नदारद दिखाई देती हैं। बाजार परिसर की मौजूदा हालत को देखते हुए आवश्यक है कि नगर परिषद मानसून पूर्व विशेष सफाई अभियान चलाए, जल निकासी की समुचित व्यवस्था करे, जर्जर चबूतरों की मरम्मत कराए, मछली-मटन क्षेत्र को व्यवस्थित करे तथा पेयजल और स्वच्छता संबंधी सुविधाओं में तत्काल सुधार लाए। अन्यथा बारिश के दिनों में यह बाजार व्यापार का केंद्र कम और परेशानियों का अड्डा अधिक बन जाएगा।

लांजी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड)
कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# राज्यसभा जाने के लिए भाजपा नेताओं में होड़

## आधा दर्जन भाजपा नेताओं ने तेज की दिल्ली दौड़, संगठन साधने में जुटे दावेदार

भोपाल। राज्यसभा की 26 सीटों के लिए 18 जून को मतदान होगा। इसी दिन रिजल्ट आने की भी संभावना है। इनमें मप्र की तीन सीटें भी शामिल हैं। भाजपा के कब्जे वाली दो सीटों पर अभी केंद्रीय राज्यमंत्री जॉर्ज कुरियन और डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी सांसद हैं। वहीं, कांग्रेस की एक सीट पर दिग्विजय सिंह दूसरी बार के सांसद हैं। भाजपा की तरफ से उम्मीदवारों के नाम का ऐलान अगले 3-4 दिन में होने की पूरी संभावना है। पार्टी के कई वरिष्ठ नेता दिल्ली में सक्रिय होकर संगठन और केंद्रीय नेतृत्व के सामने अपनी दावेदारी मजबूत करने में जुट गए हैं। पिछले चार दिनों के भीतर आधा दर्जन से अधिक नेताओं ने दिल्ली पहुंचकर वरिष्ठ नेताओं, केंद्रीय मंत्रियों और संघ पदाधिकारियों से मुलाकात की है। इनमें पूर्व मंत्री रामपाल सिंह, अरविंद भदौरिया, लाल सिंह आर्य, डॉ. नरोत्तम मिश्रा और कैलाश विजयवर्गीय जैसे बड़े नाम शामिल हैं।

दावेदार नेताओं का तर्क है कि उन्हें राज्यसभा भेजे जाने से भाजपा को आगामी नगरीय निकाय, त्रिस्तरीय पंचायत और विधानसभा चुनावों में राजनीतिक लाभ मिलेगा। यही कारण है कि जातीय, क्षेत्रीय और संगठनात्मक समीकरणों को आधार बनाकर सभी नेता अपनी-अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं।



### रामपाल सिंह ने रखा जनाधार का तर्क

पूर्व मंत्री रामपाल सिंह ने हाल ही में दिल्ली पहुंचकर पार्टी संगठन से जुड़े वरिष्ठ नेताओं और मप्र से आने वाले केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात की। सूत्रों के अनुसार, कुछ केंद्रीय मंत्रियों ने भी उनके नाम की सिफारिश पार्टी हाईकमान से की है। रामपाल सिंह को गैर-विवादित और मजबूत जनाधार वाला नेता बताया जा रहा है। समर्थकों का दावा है कि उनकी पकड़ प्रदेश के कई क्षेत्रों में है और वे संगठन तथा सरकार दोनों में लंबे समय तक सक्रिय भूमिका निभा चुके हैं।

### लाल सिंह आर्य के जरिए दलित समीकरण साधने की तैयारी

अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य का नाम भी प्रमुख दावेदारों में शामिल है। बताया जा रहा है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में उनका कार्यकाल पूरा होने की स्थिति में संगठन उन्हें नई जिम्मेदारी दे सकता है। भाजपा दलित वर्ग में अपनी पकड़ और मजबूत करने के लिए उन्हें राज्यसभा भेजने पर विचार कर सकती है। आर्य ने भी दिल्ली में वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात कर अपनी संभावनाओं को लेकर चर्चा की है।

### अरविंद भदौरिया के पक्ष में संघ लॉबी सक्रिय

पूर्व सहकारिता मंत्री अरविंद भदौरिया भी लगातार दिल्ली में सक्रिय हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की पृष्ठभूमि से आने वाले भदौरिया को संघ के करीबी नेताओं का समर्थन मिलने की चर्चा है। सूत्रों के मुताबिक, भाजपा की नई राष्ट्रीय टीम में भी उन्हें स्थान मिल सकता है। इसके अलावा पार्टी उन्हें राज्यसभा भेजकर संगठन में बड़ी जिम्मेदारी देने पर भी विचार कर सकती है। दिल्ली में वरिष्ठ नेताओं का एक समूह उनके पक्ष में पैरवी कर रहा है।

### डॉ. नरोतम मिश्रा का नाम अब भी मजबूत

कुछ महीने पहले तक पूर्व गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा का नाम राज्यसभा उम्मीदवारों की सूची में सबसे आगे माना जा रहा था। हालांकि दतिया उपचुनाव की संभावनाओं के चलते स्थिति कुछ बदली हुई नजर आ रही है। इसके बावजूद मिश्रा ने पिछले सप्ताह दिल्ली पहुंचकर केंद्रीय मंत्रियों, पार्टी के निर्णयकर्ताओं और संघ से जुड़े नेताओं से मुलाकात की है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि यदि मिश्रा स्वयं राज्यसभा जाने की इच्छा जताते हैं तो पार्टी उनके पक्ष में फैसला कर सकती है। हालांकि तब दतिया सीट पर संभावित उपचुनाव को लेकर भाजपा को अलग रणनीति बनानी पड़ेगी।

### कैलाश विजयवर्गीय का नाम भी चर्चा में

प्रदेश सरकार के वरिष्ठ मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का नाम भी राज्यसभा की दौड़ में शामिल बताया जा रहा है। हाल ही में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ के बस्तर प्रवास के दौरान विजयवर्गीय से अलग से मुलाकात की थी। उस बैठक के बाद से उनके राज्यसभा जाने की चर्चाएं तेज हो गई हैं। विजयवर्गीय ने भी दिल्ली में पार्टी नेतृत्व से चर्चा की है। माना जा रहा है कि उन्हें भाजपा की नई राष्ट्रीय टीम में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है।

### आदिवासी वर्ग से इन नेताओं के नाम

डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी भाजपा का बड़ा आदिवासी चेहरा है। बड़वानी जिले के रहने वाले सोलंकी आदिवासी क्षेत्रों में लंबे समय से संघ का काम करते आ रहे हैं। जीएस डामोर कांग्रेस के दिग्गज नेता कांतिलाल भूरिया के बेटे डॉ. विक्रांत भूरिया को हराकर 2018 में झाबुआ से विधायक बने थे। 2019 में लोकसभा चुनाव लड़े और सांसद चुने गए। राजनीति में आने से पहले जल संसाधन विभाग में चीफ इंजीनियर थे। 2024 के चुनाव में जीएस डामोर का टिकट कट गया था। रंजना बघेल धार जिले के मनावर से 3 बार विधायक रही हैं। वे शिवराज सरकार में महिला बाल विकास विभाग की मंत्री थीं।

### तीसरा कैंडिडेट उतारने के मूड में नहीं भाजपा

मप्र कोटे की तीसरी राज्यसभा सीट पर कांग्रेस का कब्जा है। भाजपा फिलहाल इस सीट पर कैंडिडेट उतारने के मूड में नहीं हैं। केंद्रीय नेतृत्व ने भी इस सीट पर उम्मीदवार उतारने को लेकर कोई भी बयानबाजी करने से बचने की सलाह दी है। इधर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने गत दिवस दिल्ली में वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात कर राज्यसभा चुनाव की रणनीति पर चर्चा की। बैठक में इस बात पर विचार-विमर्श हुआ कि भाजपा तीसरी सीट पर अपना उम्मीदवार उतारे या नहीं। प्रदेशाध्यक्ष खंडेलवाल ने राष्ट्रीय नेतृत्व से भी इसी विषय पर विस्तार से चर्चा की है। पार्टी फिलहाल सभी राजनीतिक समीकरणों का आकलन कर अंतिम निर्णय की तैयारी में जुटी हुई है।

# भीषण गर्मी ने बदला 5वीं और 8वीं की परीक्षाओं का शेड्यूल

**- अब 16 जून से शुरू होगी परीक्षा, नया टाइम-टेबल जारी**

भोपाल । प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए राज्य शिक्षा केंद्र ने पांचवीं और आठवीं कक्षा की पुन: परीक्षा की तारीखों में बदलाव किया है। अब यह परीक्षाएं 16 जून से 23 जून के बीच आयोजित की जाएंगी। इससे पहले पुन: परीक्षा एक जून से शुरू होने वाली थी, लेकिन लगातार बढ़ते तापमान को देखते हुए परीक्षा कार्यक्रम आगे बढ़ा दिया गया।

वहीं पुन: परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 24 से 28 जून तक पूरा कराया जाएगा। प्रदेशभर में करीब 1.29 लाख विद्यार्थी पांचवीं और आठवीं की वार्षिक परीक्षा में अनुत्तीर्ण हुए हैं। इसके अलावा वे विद्यार्थी भी इस परीक्षा में शामिल हो सकेंगे, जो किसी कारणवश मुख्य परीक्षा में अनुपस्थित रहे थे। राज्य शिक्षा केंद्र ने नई विस्तृत समय-सारिणी और दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं।

### इन शिक्षण संस्थानों में आयोजित होगी परीक्षा

यह पुन: परीक्षा प्रदेश के सभी शासकीय, मान्यता प्राप्त अशासकीय, अनुदान प्राप्त स्कूलों और पंजीकृत मदरसों में आयोजित की जाएगी। शिक्षा विभाग का उद्देश्य विद्यार्थियों को पास होने का एक और अवसर उपलब्ध कराना है, ताकि वे अपनी पढ़ाई जारी रख सकें।

### कमजोर छात्रों के लिए विशेष कक्षाओं के निर्देश

राज्य शिक्षा केंद्र ने स्कूलों को निर्देश दिए हैं कि परीक्षा से पहले विद्यार्थियों के लिए अतिरिक्त शिक्षण और विशेष कक्षाओं की व्यवस्था की जाए। कमजोर विद्यार्थियों पर विशेष ध्यान देने और उनकी शंकाओं का समाधान करने के भी निर्देश दिए गए हैं।

### प्रवेश पत्र पोर्टल से होंगे डाउनलोड

पुन: परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थी अपने प्रवेश पत्र राज्य शिक्षा केंद्र के परीक्षा पोर्टल से डाउनलोड कर सकेंगे। शाला प्रमुख, जनशिक्षा केंद्र प्रभारी, बीआरसीसी और डीपीसी के लागिन के माध्यम से प्रवेश पत्र उपलब्ध कराए जाएंगे।

### फेल होने पर नहीं मिलेगी प्रोन्नति

राज्य शिक्षा केंद्र ने स्पष्ट किया है कि पुन: परीक्षा में भी यदि विद्यार्थी न्यूनतम 33 प्रतिशत अंक प्राप्त नहीं कर पाए, तो उन्हें अगली कक्षा में प्रवेश नहीं मिलेगा। ऐसे विद्यार्थियों को उसी कक्षा में दोबारा अध्ययन करना होगा।

# मप्र के 50 हजार शिक्षकों का फरवरी 2027 तक नहीं होगा ट्रांसफर

**- जनगणना ड्यूटी बनी वजह, आदेश जारी**

भोपाल। प्रदेश में स्कूल शिक्षा विभाग की स्थानांतरण प्रक्रिया जल्द शुरू होने जा रही है। इसी बीच लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआइ) ने महत्वपूर्ण आदेश जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि जनगणना कार्य में लगे सरकारी स्कूलों के शिक्षकों और कर्मचारियों का स्थानांतरण फरवरी 2027 तक नहीं किया जाएगा। इस संबंध में सभी जिलों के कलेक्टरों और शिक्षा अधिकारियों को निर्देश भेज दिए गए हैं। प्रदेशभर में करीब 50 हजार सरकारी शिक्षक जनगणना कार्य में लगाए गए हैं। भोपाल जिले में लगभग 400 शिक्षक इस कार्य में संलग्न हैं। डीपीआई ने निर्देश दिए हैं कि जिन शिक्षकों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी जनगणना में लगी है, उनकी जानकारी स्कूल शिक्षा विभाग के शिक्षा पोर्टल 3.0 पर अपडेट की जाए। सभी जिलों को एक जून तक जनगणना में लगे कर्मचारियों की सूची पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए गए हैं।

### शिक्षक संगठनों ने जताया विरोध

डीपीआई के इस आदेश का शिक्षक संगठनों ने विरोध शुरू कर दिया है। मप्र शासकीय शिक्षक संगठन ने सरकार और स्कूल शिक्षा विभाग से मांग की है कि जनगणना कार्य में लगे शिक्षकों को स्वैच्छिक स्थानांतरण प्रक्रिया से पूरी तरह वंचित न किया जाए। संगठन का कहना है कि कई शिक्षक लंबे समय से पारिवारिक, स्वास्थ्य और प्रशासनिक कारणों से स्थानांतरण की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

### पूर्ण रोक लगाना उचित नहीं

संगठन के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष उपेन्द्र कौशल ने कहा कि जनगणना ड्यूटी के आधार पर स्वैच्छिक स्थानांतरण पर पूर्ण रोक लगाना उचित नहीं है। संगठन ने मांग की है कि पात्र शिक्षकों को विशेष अनुमति देकर स्थानांतरण प्रक्रिया में शामिल किया जाए, ताकि जनगणना कार्य और शैक्षणिक व्यवस्था दोनों प्रभावित न हों।

# आईएएस-आईएफएस में बढ़ा टकराव

भोपाल। मप्र वन विभाग में पहली बार किसी अधिकारी की वार्षिक गोपनीय चरित्रावली (एसीआर) का विवाद केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण (कैट ) पहुंच गया है। भारतीय वन सेवा (आईएफएस) के अधिकारी मोहन मीना ने अपनी एसीआर में की गई प्रतिकूल टिप्पणियों को चुनौती देते हुए कैट जबलपुर में याचिका दायर की है। याचिका में अपर मुख्य सचिव वन अशोक वर्णवाल, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक असीम श्रीवास्तव समेत एसीआर लिखने वाले सभी वरिष्ठ अधिकारियों को पक्षकार बनाया गया है। मोहन मीना का आरोप है कि बिना उनका पक्ष सुने और बिना उन्हें सूचित किए उनकी एसीआर में नकारात्मक प्रविष्टि कर दी गई, जो नियमों के खिलाफ है।

दरअसल, सुप्रीम कोर्ट 22 सितंबर 2000 को ही स्पष्ट कर चुका है कि अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक (एडिशनल पीसीसीएफ ) स्तर तक के आईएफएस अधिकारियों की एसीआर केवल वन विभाग के वरिष्ठ आईएफएस अधिकारी ही लिखेंगे। आईएएस अधिकारी उनकी एसीआर नहीं लिख सकते। इसके बावजूद राज्य सरकार ने जून 2024 में आदेश जारी कर कलेक्टरों को डीएफओ स्तर के वन अधिकारियों की एसीआर लिखने का अधिकार दे दिया था। इसे सुप्रीम कोर्ट ने अवमाननापूर्ण मानते हुए रद्द कर दिया था। मोहन मीना ने इसी आधार पर कैट में चुनौती दी है।

### क्यों अहम है यह मामला?

मप्र हाईकोर्ट पहले ही व्यवस्था दे चुका है कि बिना अधिकारी को बताए एसीआर में की गई प्रतिकूल प्रविष्टि को पदोन्नति के लिए विचार नहीं किया जा सकता। अब कैट में मामला जाने से वन विभाग की पूरी एसीआर प्रक्रिया सवालों के घेरे में आ गई है। यदि कैट मोहन मीना के पक्ष में फैसला देता है तो प्रदेश के सैकड़ों आईएफएस अधिकारियों की एसीआर दोबारा लिखनी पड़ सकती है। इससे आईएएस और आईएफएस के बीच रिपोर्टिंग अथॉरिटी को लेकर चल रहा टकराव और बढ़ने की आशंका है। उल्लेखनीय है कि एसीएस वन अशोक वर्णवाल ने 2025 की अचल संपत्ति रिपोर्ट में लगभग 6.5 करोड़ रुपये की संपत्ति घोषित की है। फिलहाल कैट में मामले की सुनवाई जारी है।

### विभाग में बड़ा फेरबदल भी

इस विवाद के बीच वन विभाग में बड़े प्रशासनिक बदलाव भी हुए हैं। प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) सुबहरंजन धीमान के 31 अगस्त को सेवानिवृत्त होने के बाद एल। कृष्णमूर्ति अन्नागिरी को पीसीसीएफ विकास का प्रभार दिया गया है। वहीं अजय यादव को बांस मिशन का प्रबंध संचालक और अमित दुबे को ग्रीन इंडिया मिशन का सीईओ बनाया गया है।

# नीट पेपर लीक के विरोध में एनएसयूआई का उग्र

भोपाल। नीट परीक्षा में धांधली और पेपर लीक मामले को लेकर भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) ने शुक्रवार को राजधानी भोपाल में प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के सामने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। एनएसयूआई के इस प्रदर्शन में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह भी शामिल हुए। इस दौरान पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया।



दरअसल, नीट पेपर लीक के विरुद्ध प्रदर्शन करते हुए एनएसयूआई और कांग्रेस कार्यकर्ता सीएम हाउस घेराव के लिए निकले थे। पुलिस ने उन्हें रेडक्रॉस चौराहे पर बैरिकेडिंग कर रोक लिया। इस दौरान एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़, प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार समेत कुछ कार्यकर्ता बैरिकेडिंग पर चढ़ गए। स्थिति बिगड़ती देख पुलिस ने उन्हें रोकने के लिए पांच बार वॉटर कैनन चलाए, इसके बावजूद कार्यकर्ता पीछे हटने को तैयार नहीं हुए।

इसके बाद पुलिस ने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह समेत कांग्रेस पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उन्हें बस में बिठाकर रातीबड़ थाने ले गई है। इधर, दिग्विजय सिंह की गिरफ्तारी की खबर फैलते ही हस्तु और कांग्रेस कार्यकर्ता आक्रोशित हो गए। उन्होंने प्रदर्शन तेज कर दिया। इस दौरान पुलिस की लाठीचार्ज में प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार समेत कई अन्य घायल हो गए। घायलों को सिद्धांता अस्पताल ले जाया गया है।

पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह के साथ पूर्व मंत्री पीसी शर्मा, पूर्व मंत्री राजकुमार पटेल, सिलवानी विधायक एवं रायसेन जिला अध्यक्ष देवेंद्र पटेल, पूर्व विधायक शैलेंद्र पटेल, विदिशा जिला अध्यक्ष मोहित रघुवंशी सहित बड़ी संख्या में हस्तु एवं कांग्रेस नेताओं की गिरफ्तारी हुई है।

# स्कैन करते ही मिलेगी जिलेवार भूजल की स्थिति

भोपाल। केंद्रीय भूजल बोर्ड (सीजीडब्ल्यूबी) उत्तर मध्य क्षेत्र (एनसीआर) भोपाल द्वारा सात दिवसीय भूजल एक्सपो लगाया गया है। 27 मई से शुरू यह एक्सपो दो जून तक चलेगा। भारत भवन भोपाल में एमपीसीएसटी द्वारा आयोजित सदानीरा- जल, संस्कृति और चेतना का उत्सव कार्यक्रम के तहत अदृश्य खजाना - नीला सोना शीर्षक से भूजल एक्सपो का आयोजन किया जा रहा है।

इसमें भूजल की स्थिति देखने के लिए स्कैनर लगाया गया है। इसे स्कैन करने पर जिलेवार भूजल की स्थिति देखी जा सकती है, ऐसा ही स्कैनर तहसीलवार भी है। बोर्ड के मप्र के क्षेत्रीय निदेशक एके बिस्वाल ने बताया कि यह स्कैनर काफी उपयोगी है। इससे आमजन अपने शहर का भूजल स्तर देख सकेंगे।

वहीं उन्होंने कहा कि इस एक्सपो का उद्देश्य आमजन को पानी के प्रति जागरूक करना है कि हमारे जीवन में पानी का क्या महत्व है। भूजल स्तर गिरने से भविष्य में इसके क्या दुष्परिणाम होंगे, इसे अभी विचार कर भविष्य के लिए हमें तैयार रहना होगा।

# दिग्गजों को अल्टीमेटम- एक भी विधायक नहीं बिकना चाहिए'

## राज्यसभा चुनाव- क्रॉस वोटिंग के डर से कांग्रेस हाई अलर्ट पर

भोपाल । मध्यप्रदेश में आगामी राज्यसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस आलाकमान इस बार किसी भी तरह का जोखिम लेने के मूड में नहीं है। अन्य राज्यों में क्रॉस वोटिंग और विधायकों की टूट-फूट से मिले झटकों के बाद पार्टी नेतृत्व ने मध्यप्रदेश इकाई पर विशेष नजर रखनी शुरू कर दी है। राज्यसभा की तीसरी सीट को लेकर संभावित राजनीतिक समीकरणों और क्रॉस वोटिंग की आशंकाओं के बीच दिल्ली में लगातार रणनीतिक बैठकों का दौर जारी है। सूत्रों के अनुसार कांग्रेस नेतृत्व ने प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं को स्पष्ट संदेश दिया है कि राज्यसभा चुनाव में पार्टी की सीट हर हाल में सुरक्षित रहनी चाहिए। इसी रणनीति के तहत प्रदेश कांग्रेस के कई प्रमुख नेताओं को दिल्ली तलब किया गया है, जहां उनसे संगठन की स्थिति, विधायकों की एकजुटता और चुनावी तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की जा रही है।

पार्टी सूत्रों के मुताबिक पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरूण यादव को अचानक दिल्ली बुलाया गया है। वहां उनकी शीर्ष नेतृत्व के साथ महत्वपूर्ण बैठक प्रस्तावित है। इससे पहले पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार भी दिल्ली में पार्टी नेतृत्व से मुलाकात कर चुके हैं। बताया जाता है कि नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार को दो बार दिल्ली बुलाकर विधायकों की स्थिति, संगठनात्मक एकजुटता और संभावित राजनीतिक चुनौतियों पर विस्तृत फीडबैक लिया गया। इससे स्पष्ट है कि कांग्रेस नेतृत्व इस चुनाव को लेकर बेहद गंभीर और सतर्क है। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार कांग्रेस हाईकमान ने प्रदेश के नेताओं को दोटूक शब्दों में निर्देश दिया है कि चुनाव के दौरान किसी भी विधायक के पाला बदलने या क्रॉस वोटिंग की स्थिति नहीं बननी चाहिए। पार्टी नेतृत्व ने साफ कहा है कि राज्यसभा सीट बचाना सभी नेताओं की सामूहिक जिम्मेदारी है और किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कांग्रेस नेतृत्व को आशंका है कि चुनाव के दौरान विपक्षी दल राजनीतिक प्रबंधन के जरिए समीकरण बदलने का प्रयास कर सकते हैं। इसी कारण विधायकों के साथ लगातार संपर्क बनाए रखने और उनकी गतिविधियों पर नजर रखने की रणनीति अपनाई जा रही है।

### दूसरे राज्यों के अनुभव बने चिंता का कारण

कांग्रेस की इस सक्रियता के पीछे हाल के वर्षों में कई राज्यों में हुए राज्यसभा चुनावों के अनुभव भी हैं। पार्टी को बिहार, हरियाणा और ओडिशा जैसे राज्यों में क्रॉस वोटिंग के कारण अपेक्षित परिणाम नहीं मिले थे। कई मामलों में पार्टी उम्मीदवारों को हार का सामना करना पड़ा था, जिससे संगठन की रणनीति और विधायकों की निष्ठा पर सवाल खड़े हुए थे। इन्हीं घटनाओं को ध्यान में रखते हुए मध्यप्रदेश में कांग्रेस कोई जोखिम नहीं लेना चाहती। पार्टी नेतृत्व ने प्रदेश संगठन को हाई अलर्ट पर रखा है और विधायकों से लगातार संवाद बनाए रखने के निर्देश दिए हैं।

### भाजपा-कांग्रेस के बीच बढ़ेगी राजनीतिक सक्रियता

राज्यसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आएंगे, प्रदेश की राजनीति में गतिविधियां और तेज होने की संभावना है। दोनों प्रमुख दल अपने-अपने विधायकों को एकजुट रखने और चुनावी गणित साधने में जुटेंगे। कांग्रेस के लिए सबसे बड़ी चुनौती अपने विधायकों को पूरी तरह एकजुट बनाए रखना होगी, जबकि भाजपा भी अपने राजनीतिक समीकरण मजबूत करने की कोशिश करेगी। अब सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि कांग्रेस आलाकमान की सख्त निगरानी, दिल्ली में चल रही बैठकों और नेताओं की सक्रियता का कितना असर पड़ता है। राज्यसभा चुनाव के नतीजे न केवल राजनीतिक दलों की रणनीति की परीक्षा होंगे, बल्कि प्रदेश कांग्रेस की संगठनात्मक एकजुटता का भी महत्वपूर्ण परीक्षण साबित होंगे।

# उज्जैन के आस-पास गांवों में बनेंगे होम स्टे

भोपाल । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार को उज्जैन से रवाना होने से पूर्व अधिकारियों को एक महत्वपूर्ण आदेश दे गए। आदेश ये कि सिंहस्थ से पहले शहर के आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर होम स्टे विकसित किए जाएं। ये होम स्टे, शहर की मुख्य सडक से सटे 30 किलोमीटर परिधि के गांवों में पर्यटन विभाग के सहयोग से तैयार किए जाएं। इसके लिए ग्रामीणों के घरों और उनके खेतों का रचनात्मक उपयोग किया जाए। जिन ग्रामीणों के पास बड़े और खुले घर हैं, उन्हें होम स्टे योजना से जुड़ने के लिए प्रेरित करें। पर्यटन विभाग के माध्यम से इन ग्रामीणों को हर संभव शासकीय व तकनीकी मदद मुहैया कराई जाए।

सिंहस्थ महापर्व के दौरान देश-विदेश से आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं को ठहरने में कोई दिक्कत न हो और उन्हें ग्रामीण परिवेश में बेहद किफायती दरों पर स्वच्छ आवास मिल सके। इसका सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि महापर्व के दौरान आने वाले श्रद्धालु आधुनिक होटलों की भीड़भाड़ से दूर, मालवा के गांवों के स्वच्छ, शांत और पावन वातावरण का आनंद ले सकेंगे। इससे न केवल श्रद्धालुओं को सस्ता और अच्छा ठिकाना मिलेगा, बल्कि स्थानीय ग्रामीणों के लिए स्वरोजगार और आर्थिक उन्नति के नए रास्ते भी खुलेंगे।

इस महत्वाकांक्षी योजना को जमीन पर उतारने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद हो गया है। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशों का पालन करते हुए जमीनी स्तर पर काम शुरू कर दिया गया है। योजना के पहले चरण में उज्जैन से सटे इंदौर रोड पर स्थित डेंडिया-मेंडिया गांव में 30 होम स्टे यूनिट बनाने की तैयारी की जा रही है। जिन-जिन गांवों से ग्रामीणों के आवेदन प्राप्त होंगे, उन सभी गांवों में होम स्टे तैयार करवाए जाएंगे। सभी होम स्टे की एक विस्तृत सूची तैयार की जाएगी।

### 2023 में शुरू हुई योजना

उज्जैन शहर में होम स्टे योजना वर्ष 2023 में शुरू हुई थी। योजना अनुसार मप्र पर्यटन बोर्ड उज्जैनवासियों को उनके घर में उपलब्ध अतिरिक्त कमरे किराये पर देकर आय कमाने का सुनहरा अवसर देता है। इसके लिए भवन मालिक को सिर्फ पर्यटन बोर्ड की होम स्टे योजना में पंजीयन कराना होता है। पर्यटन विभाग द्वारा पंजीकृत इकाईयों का प्रचार-प्रसार किया जाता है।

# मप्र में बनेगा अनोखा एरियल डिस्टेंस एक्सप्रेस-वे

भोपाल। राजधानी भोपाल से मंदसौर को जोड़ने के लिए एक्सेस कंट्रोल्ड एक्सप्रेस-वे बनाया जाएगा। यह एरियल डिस्टेंस मार्ग होगा, यानी एक रेखा में सीधा व बिना किसी घुमाव, ट्रैफिक या भौगोलिक रुकावट के होगा। नया फोरलेन भोपाल से सीहोर, शाजापुर, आगर, रतलाम जिले से होकर मंदसौर से लगे ग्राम नयाखेड़ा पहुंचेगा। वर्तमान में मंदसौर से भोपाल के लिए उपलब्ध मार्ग 350 किमी तक लंबे हैं, जबकि नया मार्ग 250 किमी का होगा। यानी इन दो शहरों के बीच की यात्रा सीधे 100 किलोमीटर तक कम हो जाएगी। यह नया हाई-स्पीड मार्ग जमीन से आठ से 10 फीट ऊंचाई पर बनाया जाएगा, इसमें बहुत कम मोड़ होंगे और यह पूरी तरह एक्सेस कंट्रोल्ड होगा, यानी इसमें कहीं भी कट नहीं होगा। कहीं से कोई वाहन बीच रास्ते में प्रवेश नहीं कर पाएगा। जहां गांव आएंगे सड़क पार करने के लिए अंडरपास बनाए जाएंगे। जिससे यात्रा का समय काफी कम हो जाएगा तथा पश्चिमी मप्र को राजधानी से सीधी एवं तेज कनेक्टिविटी मिलेगी। भोपाल से मंदसौर के बीच शाजापुर और आगर जैसे शहर पड़ेंगे। इस मार्ग के दोनों ओर औद्योगिक कॉरिडोर भी विकसित किया जाएगा। मप्र सड़क विकास निगम ने निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस मार्ग से यात्रा समय और ईंधन की बचत होने के साथ उद्योग, व्यापार और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। इस फोरलेन का लाभ मप्र के भोपाल से लगे जिलों व मंदसौर-नीमच के साथ राजस्थान के प्रतापगढ़, चित्तौडगढ़, बांसवाड़ा और उदयपुर के यात्रियों को भी मिलेगा। सड़क विकास निगम इस परियोजना की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) बना रहा है। हाल ही में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के समक्ष इस परियोजना का प्रस्तुतीकरण दिया गया है।

### जंग की मार, बजट लाचार... ईरान युद्ध से लगातार बढ़ रही महंगाई

# महंगाई की मार...रसोई से बाजार तक हाहाकार!

## दो महीने में रोजमर्रा के सामान की कीमतों में 3 से 7 फीसदी से ज्यादा का इजाफा, आम लोगों के सामने रोजी-रोटी की समस्या हुई खड़ी

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में जारी ईरान युद्ध का असर अब भारत के आम नागरिकों की रसोई और जेब तक पहुंच चुका है। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों, गैस आपूर्ति पर दबाव और कच्चे माल की लागत में उछाल ने महंगाई को नई रफ्तार दे दी है। नतीजतन पेट्रोल-डीजल, दूध, सीएनजी, बिजली और दैनिक उपयोग की वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, जिससे आम परिवारों का मासिक बजट पूरी तरह से गड़बड़ा गया है।

विशेषज्ञों का मानना है कि यदि पश्चिम एशिया में तनाव जल्द समाप्त नहीं हुआ तो आने वाले महीनों में महंगाई का दबाव और बढ़ सकता है। इसका सीधा असर मध्यम वर्ग और निम्न आय वर्ग पर पड़ेगा, जिनकी आय स्थिर है लेकिन खर्च लगातार बढ़ रहे हैं। ईरान युद्ध भले ही हजारों किलोमीटर दूर लड़ा जा रहा हो, लेकिन उसकी आर्थिक आंच भारत के आम परिवारों तक पहुंच चुकी है। बढ़ती महंगाई ने रसोई से लेकर यात्रा और बिजली तक हर खर्च को प्रभावित किया है। यदि वैश्विक हालात जल्द नहीं सुधरे, तो आने वाले महीनों में महंगाई का यह बोझ और भारी पड़ सकता है।



#### ईंधन महंगा, हर चीज महंगी

महंगाई की सबसे बड़ी वजह ईंधन कीमतों में आई तेजी है। पिछले कुछ सप्ताहों में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में लगभग 8 प्रतिशत तक वृद्धि दर्ज की गई है। तेल कंपनियों द्वारा कई चरणों में की गई बढ़ोतरी के बाद पेट्रोल और डीजल दोनों के दाम 7 रुपये प्रति लीटर से अधिक बढ़ चुके हैं। पेट्रोलियम उत्पादों की कीमत बढ़ने का असर केवल वाहनों तक सीमित नहीं रहता। परिवहन लागत बढ़ने से सब्जियों, अनाज, दूध और अन्य उपभोक्ता वस्तुओं की कीमतों पर भी दबाव बढ़ जाता है। यही कारण है कि बाजार में अधिकांश वस्तुएं महंगी होती जा रही हैं।

#### दूध ने भी बढ़ाया घरेलू बजट का बोझ

घरेलू खर्चों में सबसे महत्वपूर्ण स्थान रखने वाले दूध की कीमतों में भी बढ़ोतरी हुई है। देश की प्रमुख डेयरी कंपनियों अमूल और मदर डेयरी ने दूध के दाम बढ़ाए, जिसके बाद कई क्षेत्रीय डेयरियों ने भी अपने उत्पाद महंगे कर दिए। दूध के दाम बढ़ने का असर सीधे तौर पर चाय, कॉफी, दही, पनीर और अन्य डेयरी उत्पादों पर पड़ता है। बच्चों वाले परिवारों के लिए यह अतिरिक्त खर्च और अधिक चुनौतीपूर्ण बन गया है।

#### सीएनजी और पीएनजी ने बढ़ाई चिंता

पेट्रोल और डीजल के साथ-साथ सीएनजी की कीमतों में भी लगातार वृद्धि दर्ज की गई है। कई शहरों में सीएनजी के दाम रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गए हैं। सार्वजनिक परिवहन और टैक्सी सेवाओं पर इसका सीधा प्रभाव पड़ रहा है। हालांकि घरेलू पीएनजी और एलपीजी में अभी अपेक्षाकृत सीमित बढ़ोतरी हुई है, लेकिन विशेषज्ञ संकेत दे रहे हैं कि आने वाले समय में इनकी कीमतों पर भी दबाव बढ़ सकता है। मुंबई में पीएनजी दरों में हालिया बढ़ोतरी को इसी दिशा में संकेत माना जा रहा है।

#### बिजली बिल ने बढ़ाई मुश्किल

महंगाई का एक और बड़ा झटका बिजली उपभोक्ताओं को लग रहा है। कई राज्यों में फ्यूल सरचार्ज और बिजली खरीद लागत के नाम पर अतिरिक्त शुल्क वसूला जा रहा है। इससे बिजली बिलों में 10 प्रतिशत तक अतिरिक्त बोझ देखने को मिल रहा है। ऊर्जा क्षेत्र के जानकारों का कहना है कि बिजली उत्पादन और ईंधन लागत बढ़ने से वितरण कंपनियों पर दबाव है, जिसका भार अंततः उपभोक्ताओं पर डाला जा रहा है।

#### एफएमसीजी कंपनियों ने बढ़ाए दाम

रोजमर्रा में इस्तेमाल होने वाले साबुन, तेल, डिटर्जेंट, शैम्पू, पैकेज्ड फूड और अन्य उपभोक्ता उत्पादों की कीमतों में भी बढ़ोतरी शुरू हो गई है। कई कंपनियों ने सीधे दाम बढ़ाने के बजाय पैकेट का वजन कम कर दिया है, जिसे बाजार की भाषा में श्रिंकफ्लेशन कहा जाता है। उद्योग रिपोर्टों के अनुसार पिछले दो महीनों में कई उत्पाद श्रेणियों में 3 से 7 प्रतिशत तक मूल्य वृद्धि देखी गई है। खाद्य तेल, पैकेजिंग सामग्री और पेट्रोलियम आधारित कच्चे माल की कीमतों में बढ़ोतरी इसका प्रमुख कारण है।

#### कच्चे माल की बढ़ी लागत

विश्लेषकों के मुताबिक पश्चिम एशिया में तनाव के कारण वैश्विक बाजार में कच्चे तेल, पाम ऑयल और पेट्रोकेमिकल उत्पादों की कीमतें बढ़ी हैं। पैकेजिंग उद्योग में इस्तेमाल होने वाली हाई-डेंसिटी पॉलीइथाइलीन (एचडीपीई) जैसी सामग्री की लागत में भी भारी उछाल आया है। इन सामग्रियों का उपयोग खाद्य पदार्थों, पेय पदार्थों, शैम्पू, डिटर्जेंट और घरेलू उत्पादों की पैकेजिंग में किया जाता है। लागत बढ़ने पर कंपनियां इसका भार उपभोक्ताओं पर डाल रही हैं।

#### आगे और बढ़ सकती है महंगाई

अर्थशास्त्रियों का मानना है कि यदि ईरान युद्ध लंबा खिंचता है तो कच्चे तेल और गैस की वैश्विक आपूर्ति पर दबाव और बढ़ सकता है। इससे परिवहन, बिजली उत्पादन और विनिर्माण क्षेत्र की लागत बढ़ेगी, जिसका असर आम उपभोक्ताओं तक पहुंचेगा। विशेषज्ञों के अनुसार अगले कुछ महीनों में खाद्य पदार्थों, ऊर्जा और दैनिक उपयोग की वस्तुओं की कीमतों में और वृद्धि देखने को मिल सकती है। ऐसे में सरकार के सामने महंगाई नियंत्रित रखने और आम लोगों को राहत देने की चुनौती पहले से अधिक बड़ी हो गई है।

**-महंगाई की मार एक नजर में**

**पेट्रोल-डीजल की कीमतों में 8 प्रतिशत तक वृद्धि**

**सीएनजी के दाम कई शहरों में रिकॉर्ड स्तर पर**

**दूध की कीमतों में बढ़ोतरी**

**बिजली बिल पर अतिरिक्त फ्यूल सरचार्ज**

**एफएमसीजी उत्पाद 3-7 प्रतिशत तक महंगे**

**खाद्य तेल और पैकेजिंग लागत में तेज उछाल**

**घरेलू बजट पर लगातार बढ़ता दबाव**

## मुंबई में बड़ा समुद्री हादसा टला : डूबती टगबोट से सीआईएसएफ जवानों ने 9 लोगों को मौत के मुंह से निकाला

मुंबई। मुंबई के समुद्री तट पर गुरुवार दोपहर दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। कुलाबा स्थित ऐतिहासिक लाइटहाउस के पास नौ कर्मचारियों को लेकर जा रही एक व्यावसायिक टगबोट अचानक समुद्र में डूबने लगी। बोट में तेजी से पानी भरने के कारण उसमें सवार सभी लोगों की जान पर खतरा मंडराने लगा। हालांकि, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के जवानों की त्वरित कार्रवाई और बहादुरी के चलते बड़ा हादसा टल गया और सभी नौ क्रू सदस्यों को सुरक्षित बचा लिया गया।

सीआईएसएफ ने इस सफल बचाव अभियान की जानकारी अपने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर साझा की। जानकारी के अनुसार, गुरुवार दोपहर जहाजों की गतिविधियों पर नजर रखने वाली अत्याधुनिक वेसल ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (वीटीएमएस) को एक आपातकालीन संकेत मिला। इस अलर्ट में बताया गया कि कुलाबा लाइटहाउस के पास एक टगबोट समुद्र में डूब रही है। अलर्ट मिलते ही मुंबई पोर्ट अथॉरिटी (एमपीए) यूनिट में तैनात सीआईएसएफ का समुद्री गश्ती दल तुरंत सक्रिय हो गया। उस समय पेट्रोलिंग टीम पहले से ही समुद्र में मौजूद थी। जवानों ने बिना समय गंवाए अपनी स्पीड बोट को दुर्घटनास्थल की ओर मोड़ दिया और कुछ ही मिनटों में मौके पर पहुंच गए। घटनास्थल पर पहुंचने पर जवानों ने देखा कि टगबोट में तेजी से पानी भर रहा था और वह किसी भी समय पूरी तरह समुद्र में समा सकती थी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सीआईएसएफ टीम ने तत्काल बचाव अभियान शुरू किया। जवानों ने अपनी जान की परवाह किए बिना डूबती हुई बोट के करीब पहुंचकर उसमें फंसे सभी नौ कर्मचारियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में देखा जा सकता है कि सीआईएसएफ के जवान बेहद कुशलता और साहस के साथ अपनी स्पीड बोट को डूबती टगबोट के पास ले जाते हैं। लाइफ जैकेट पहने कर्मचारियों को एक-एक कर सुरक्षित अपनी बोट में चढ़ाया जाता है। इस दौरान समुद्र की परिस्थितियां भी चुनौतीपूर्ण थीं, लेकिन जवानों ने पूरी सतर्कता और पेशेवर दक्षता का परिचय दिया। शनिवार को मिली जानकारी के अनुसार, बचाए गए सभी नौ कर्मचारी पूरी तरह सुरक्षित हैं और उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। इस सफल अभियान पर सीआईएसएफ ने कहा, देश की समुद्री अवसंरचना की सुरक्षा करना और किसी भी आपदा की स्थिति में मानव जीवन को सर्वोच्च प्राथमिकता देना हमारी जिम्मेदारी है। हमारा बल हर चुनौतीपूर्ण परिस्थिति से निपटने के लिए सदैव तैयार रहता है। बहरहाल इस साहसिक रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद सोशल मीडिया पर सीआईएसएफ जवानों की जमकर सराहना हो रही है। लोग उन्हें 'समुद्र के असली हीरो' और 'देवदूत' बताकर उनके साहस, तत्परता और कर्तव्यनिष्ठा को सलाम कर रहे हैं।

## सरकार की इंपोर्ट ड्यूटी बढ़ाने के बाद देश में सोने की मांग में आई गिरावट

नई दिल्ली। केंद्र सरकार द्वारा सोने पर इंपोर्ट ड्यूटी बढ़ाने के फैसले के बाद देश में सोने की डिमांड में बड़ी गिरावट आई है। बता दें अमेरिका और ईरान के बीच जंग की वजह से बिगड़े हालात के बीच पीएम मोदी ने आम जनता से सोने की खरीदारी को एक साल तक टालने की अपील की थी। इसके बाद से ही सरकार ने इंपोर्ट ड्यूटी को बढ़ाने का फैसला लिया।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक आंकड़े बता रहे हैं कि 13 मई के बाद भारत में सोने की मांग में करीब 70फीसदी की गिरावट आई है। इंडस्ट्री के अनुमानों के मुताबिक 27 मई को खत्म हुए पखवाड़े में सोने की मांग गिरकर करीब 7.5 टन रह गई जबकि एक साल पहले यह करीब 25 टन थी। दरअसल, सरकार ने 13 मई से सोने पर आयात शुल्क को 6फीसदी से बढ़ाकर 15फीसदी कर दिया था।

इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के राष्ट्रीय सचिव ने कहा कि पूरे भारत के जौहरियों से मिल रही रिपोर्टों से पता चलता है कि आयात शुल्क बढ़ाए जाने के बाद सोने की मांग में 70फीसदी की गिरावट आई है। उन्होंने आगे कहा कि असंगठित व्यापार इस शुल्क बढ़ोतरी से सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है। बता दें इसका सोने के कुल व्यापार में 65फीसदी हिस्सा है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल और डीजल की ज्यादा कीमतें और खाने-पीने की चीजों के महंगे होने का भी ग्राहकों के मूड पर असर पड़ रहा है क्योंकि वे अभी सोने पर खर्च करने को तैयार नहीं हैं।

सोने के गहनों की रिटेल चेन जॉयअलुक्कास के चेयरमैन ने मांग में आई इस कमी की वजह कई कारणों को बताया। उन्होंने पीएम मोदी की अपील को भी इसका एक कारण बताया। उनके मुताबिक पीएम मोदी की एक साल तक सोने से दूर रहने की अपील का भी ग्राहकों के मूड पर काफी असर पड़ा है। मांग 35फीसदी से भी ज्यादा गिर गई है। हमें पक्का नहीं पता कि यह और भी कम होगी या नहीं। जानकारों के मुताबिक अधिक मास के चलते भी कई लोग सोना खरीदने से बच रहे हैं। बता दें ड्यूटी बढ़ने के बाद सोने पर लगने वाला प्रभावी टैक्स का बोझ 9.18फीसदी से बढ़कर 18.45फीसदी हो गया है। सरकार ने कमजोर रुपए, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और भू-राजनीतिक तनाव के चलते ड्यूटी बढ़ाई है।

## सीयूईटी-यूजी परीक्षा में तकनीकी गड़बड़ी, प्रभावित छात्रों को मिलेगा दोबारा मौका

नई दिल्ली । राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी-यूजी) 2026 के दौरान तकनीकी गड़बड़ी से प्रभावित छात्रों को बड़ी राहत दी है। एजेंसी ने स्पष्ट किया है कि जिन अभ्यर्थियों की परीक्षा तकनीकी कारणों से नहीं हो सकी, उन्हें दोबारा परीक्षा देने का अवसर प्रदान किया जाएगा। शनिवार को देश के कई परीक्षा केंद्रों पर तकनीकी समस्याओं के कारण सीयूईटी-यूजी परीक्षा प्रभावित हुई। रिपोर्टों के अनुसार, परीक्षा शुरू होने में देरी हुई, कुछ केंद्रों पर कंप्यूटर और सर्वर संबंधी दिक्कतें सामने आईं, जिसके चलते कई छात्रों को घंटों इंतजार करना पड़ा। कुछ अभ्यर्थी परीक्षा शुरू होने से पहले ही केंद्रों से वापस लौट गए। एनटीए ने एक आधिकारिक बयान जारी कर कहा कि तकनीकी खामी के कारण छात्रों और अभिभावकों को हुई असुविधा पर उसे खेद है। एजेंसी ने आश्वासन दिया कि प्रभावित छात्रों के साथ कोई अन्याय नहीं होगा और उन्हें पुनः परीक्षा में शामिल होने का अवसर दिया जाएगा।

## भारत ऑपरेशन सिंदूर 2.0 के लिए कर रहा पूरी तरह तैयारी

मुंबई,। सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर फिर बयान दिया है। दुश्मन देशों को कड़ा संदेश देते हुए उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तान की हरकतों के जवाब में भारत ने जो आक्रामक सैन्य रुख अपनाया था, वह आज भी जारी है। उन्होंने कहा कि भारत ऑपरेशन सिंदूर 2.0 के लिए पूरी तरह तैयारी कर रहा है। मीडिया से बातचीत करते हुए जनरल द्विवेदी ने जोर कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी भी जारी है और वर्तमान स्थिति को केवल अस्थायी रूप से युद्ध पर विराम समझा जाना चाहिए। उन्होंने पाकिस्तान का नाम लिए बिना कहा कि यदि जरूरत पड़ी तो सिर्फ थल सेना ही नहीं, बल्कि भारतीय वायुसेना और नौसेना भी एक नए सैन्य अभियान के लिए चौबीसों घंटे मुस्तैद हैं। सेना प्रमुख ने आधुनिक युद्ध के बदलते स्वरूप और सेनाओं की तैयारियों का जिक्र करते हुए कहा कि भारतीय सेना और तीनों सेवाएं ऑपरेशन सिंदूर 2.0 के लिए बेहतरीन तैयारी कर रही हैं। वर्तमान में हमारा ध्यान तीनों सेनाओं के बीच आपसी तालमेल को बढ़ाने और अगले दौर के युद्ध के लिए खुद को चौबीसों घंटे लैस करने पर है। उन्होंने कहा कि आज युद्धक्षेत्र इतना पारदर्शी हो चुका है कि हर हलचल की खबर दूसरी तरफ को होती है। इसलिए हमें अपनी तैनाती, रणनीतिक उपयोग और सीमावर्ती इलाकों में अपने सैनिकों के साथ-साथ नागरिकों की सुरक्षा को लेकर बेहद सतर्क रहना होगा। जनरल द्विवेदी ने इन्फॉर्मेशन वॉरफेयर पर भी अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि यह युद्ध तभी सफल होता है जब पूरा देश एक साझा नैरेटिव के पीछे एकजुट होता है।

## एक भी परीक्षा ईमानदारी से नहीं करा सके और दावे विश्वगुरु के

**-नीट मामले को लेकर राहुल गांधी ने केंद्र पर किया हमला**

**-भाजपा ने बयान का किया सख्त विरोध**

नई दिल्ली। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने नीट पेपर लीक और परीक्षा रद्द मामले को लेकर केंद्र सरकार तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोला है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, कि नीट, सीबीएसई, एसएससी और सीयूईटी जैसी प्रमुख परीक्षाओं में लगातार सामने आ रही समस्याएं देश की शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती हैं। उन्होंने कहा कि एक भी परीक्षा ईमानदारी से नहीं करा सके हैं और दावे विश्वगुरु के किए जा रहे हैं।

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा कि नीट, सीबीएसई, एसएससी और आज सीयूईटी, चार परीक्षाएं और एक करोड़ बच्चे। एक भी ईमानदारी से नहीं हो पाई। दावे विश्वगुरु के, लेकिन देश में एक परीक्षा भी नहीं करवा सकते- मोदी जी ने पूरी शिक्षा व्यवस्था तबाह कर दी है। राहुल गांधी ने आगे कहा, जिस पीढ़ी का भविष्य आप बर्बाद कर रहे हैं- वही पीढ़ी आपका हिसाब करेगी।

इस प्रकार राहुल गांधी ने अपने बयान में कहा कि करोड़ों विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़े परीक्षा तंत्र में पारदर्शिता और विश्वसनीयता सुनिश्चित नहीं की जा सकी है। उन्होंने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि शिक्षा व्यवस्था को कमजोर किया गया है और इसका खामियाजा देश के युवाओं को भुगतना पड़ रहा है, वही भविष्य में जवाब भी देगी।

कांग्रेस नेता की यह प्रतिक्रिया उस समय आई है जब नीट परीक्षा से जुड़े मामलों और पुनर्परीक्षा की निष्पक्षता को लेकर बहस जारी है। राहुल गांधी ने यह भी दावा किया कि सरकार की ओर से परीक्षा प्रक्रिया की उच्चस्तरीय निगरानी के बावजूद विवाद सामने आए हैं।

उधर, भाजपा ने राहुल गांधी के आरोपों का कड़ा विरोध किया है। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि विपक्ष के नेता को गंभीर मुद्दों पर तथ्य आधारित चर्चा करनी चाहिए, न कि राजनीतिक लाभ के लिए सनसनीखेज आरोप लगाने चाहिए। उन्होंने राहुल गांधी के बयान को गैर-जिम्मेदाराना बताते हुए कहा कि ऐसे वक्तव्यों से छात्रों और अभिभावकों की चिंताएं कम होने के बजाय और बढ़ सकती हैं। शेखावत ने कहा कि देश के युवाओं का भरोसा संस्थाओं और सुधार प्रक्रियाओं पर है तथा सरकार परीक्षा प्रणाली को अधिक पारदर्शी और विश्वसनीय बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी हर मुद्दे पर राजनीतिक बयानबाजी को प्राथमिकता देते हैं।

#### आरोप-प्रत्यारोप का दौर चला

नीट परीक्षा और अन्य भर्ती एवं प्रवेश परीक्षाओं को लेकर जारी विवाद के बीच कांग्रेस और भाजपा के बीच राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप तेज हो गए हैं। आने वाले दिनों में यह मुद्दा संसद और राजनीतिक मंचों पर भी चर्चा का विषय बना रह सकता है।

## उत्तरकाशी में खाई में गिरी कार, 2 की मौत, 3 गंभीर घायल अस्पताल में भर्ती

देहरादून। उत्तराखंड में जनपद उत्तरकाशी के गंगनानी क्षेत्र में गुरुवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई, जबकि 3 गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद एसडीआरएफ ने अंधेरे और विषम परिस्थितियों के बीच बचाव अभियान चलाकर सभी घायलों को सुरक्षित बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक गंगनानी-भटवाड़ी मार्ग पर स्विफ्ट कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। दुर्घटना की सूचना मिलते ही एसडीआरएफ पोस्ट भटवाड़ी की टीम उपनिरीक्षक गब्बर सिंह और पोस्ट उजेली की टीम आरक्षी शक्ति सिंह के नेतृत्व में आवश्यक रेस्क्यू उपकरणों के साथ मौके पर पहुंची। मौके पर पहुंचने पर टीम ने पाया कि वाहन गहरी खाई में दुर्घटनाग्रस्त पड़ा है। कार में कुल पांच लोग सवार थे, जिनमें से 2 लोगों की मौके पर ही मौत हो चुकी थी, जबकि 3 गंभीर रूप से घायल थे।

एसडीआरएफ जवानों ने रात के अंधेरे में रेस्क्यू अभियान चलाकर घायलों को खाई से बाहर निकाला। प्राथमिक उपचार देने के बाद उन्हें अस्पताल भिजवाया गया। वहीं, मृतकों के शवों को भी खाई से बाहर निकालकर पुलिस के हवाले कर दिया। हादसे में घायल होने वालों में विमल कुमार प्रधान (61), उपासना प्रधान (54) निवासी भुवनेश्वर और यशवीर (35) निवासी पंजाब शामिल हैं। दुर्घटना में दामोदर हरीराम रामटेककर (77) एवं लक्ष्मी दामोदर रामटेककर (67 ) निवासी नागपुर, महाराष्ट्र की मृत्यु हो गई। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है।

## सीबीएसई पुनर्मूल्यांकन पोर्टल के पेमेंट सिस्टम में अनधिकृत घुसपैठ

### फीस में 1 रुपए से लेकर 68,000 रुपए तक का अंतर, जांच शुरु

नई दिल्ली। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के परीक्षा परिणामों के बाद पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन करने वाले छात्रों के बीच उस समय हड़कंप मच गया, जब बोर्ड के ऑनलाइन पोर्टल पर साइबर हमला हुआ। सरकारी सूत्रों ने पुष्टि की कि सीबीएसई रीवैल्यूएशन पोर्टल के पेमेंट सिस्टम में अनधिकृत घुसपैठ हुई है, जिसका फायदा उठाकर करीब 50 छात्रों ने पोर्टल के सिस्टम के साथ छेड़छाड़ की। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एक वरिष्ठ सरकारी सूत्र ने बताया कि पोर्टल पर कुछ बिना इजाजत के हमले हुए थे। इसका पेमेंट गेटवे एचडीएफसी बैंक से जुड़ा हुआ था। इस दौरान करीब 50 से कुछ ज्यादा बच्चे सिस्टम के अंदर घुसने में कामयाब हो गए।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक इस समस्या के कारण पोर्टल पर फीस गलत दिखाई देने लगी, जहां कुछ मामलों में चुकाई जाने वाली रकम 1 रुपए से लेकर करीब 67,000-68,000 रुपए तक बदलती रही। सूत्र ने कहा कि मुझे लगता है कि मजाक में या किसी गलत इरादे से एक रुपया दिखाया गया और फिर 67-68,000 रुपए। तो करीब 50 बच्चे ऐसे थे जिनके मामलों में रकम बदल गई थी।

यह गड़बड़ी सिस्टम के साथ जुड़े एचडीएफसी पेमेंट गेटवे से जुड़ी थी और तब हुई जब पोर्टल लाइव हुआ। सूत्र ने कहा कि पोर्टल काफी समय से काम नहीं कर रहा था। रकम को लेकर कुछ दिक्कतें थीं, जहां 50 बच्चे जो अंदर आए, उन्होंने सिस्टम के साथ छेड़छाड़ की। चार पीएसयू बैंक- भारतीय स्टेट बैंक, केनरा बैंक, इंडियन बैंक और बैंक ऑफ महाराष्ट्र को भी अतिरिक्त पेमेंट गेटवे के तौर पर जोड़ा गया है। सूत्र ने बताया कि आईआईटी मद्रास और आईआईटी कानपुर के विशेषज्ञ, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया के साथ मिलकर, सिस्टम की जांच कर रहे हैं और पोर्टल तथा पेमेंट गेटवे के इंटीग्रेशन को मजबूत बना रहे हैं। व्यक्ति ने आगे कहा कि टीमें कोड और सिस्टम की जांच कर रही हैं ताकि इसे बिना किसी रुकावट और गड़बड़ी के चलाया जा सके।

## राष्ट्रपति ट्रम्प की बेटी टिफनी ने मोहब्बत की निशानी ताजमहल का किया दीदार

आगरा। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की बेटी टिफनी ट्रम्प ने शनिवार को मुगल बादशाह के बनवाए मोहब्बत की निशानी ताजमहल का दीदार किया। होटल अमर विलास पहुंचते ही, उन्होंने पहले ताजमहल देखने की इच्छा जताई। सुरक्षा एजेंसियों ने इस पर तत्काल उनकी विजिट की व्यवस्था की। टिफनी ने ताजमहल को अद्भुत और अनोखा बताया और कहा कि दुनिया में इसकी कोई मिसाल नहीं।

बता दें निजी यात्रा पर आई टिफनी के साथ उनके पति माइकल बाउलस भी आए हैं। दोनों ने सेंट्रल टैंक पर बेंच पर बैठकर हाथों में हाथ डालकर फोटो शूट कराया। टिफनी चार्टर्ड प्लेन से शनिवार सुबह दिल्ली से खेरिया एयरपोर्ट पर उतरीं। यहां से वह ताजमहल के पूर्वी गेट स्थित होटल अमर विलास पहुंचीं। उनका लंच के बाद शाम पांच बजे ताजमहल देखने का कार्यक्रम था। होटल पहुंचने के बाद गायक व मॉडल टिफनी ने लंच से पहले ताजमहल देखने की इच्छा जता दी। इस पर तुरंत ताजमहल जाने की व्यवस्था की गई।

रिपोर्ट के मुताबिक टिफनी सुबह 11:50 पर ताजमहल पहुंचीं। फोरकोर्ट से ताजमहल नजर आते ही वह उसकी खूबसूरती देखकर बहुत खुश नजर आईं। गाइड ने उन्हें शाहजहां द्वारा मुमताज की याद में ताजमहल बनवाने, ताजमहल का निर्माण 22 सालों में 20 हजार मजदूरों द्वारा करने, औरंगजेब द्वारा शाहजहां को आगरा किला में बंदी बनाने और वहीं उसकी मौत होने की जानकारी दी।

## टेंडर घोटाले में आईएएस योगेश और अभिलाषा सस्पेंड

पटना। टेंडर घोटाला मामले में बिहार सरकार ने बड़ा एक्शन लिया है। आईएएस योगेश कुमार सागर और आईएएस अभिलाषा कुमारी शर्मा को सस्पेंड कर दिया गया है। इससे ठेकेदार रिशु श्री के यहां रेड के बाद उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। टेंडर मैनेज करने के लिए रिशु श्री अलग-अलग विभागों में सचिव से लेकर नगर आयुक्त तक की पोस्टिंग मैनेज कराता था।

ईडी जांच की रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। रिशु श्री राज्य के आईएएस अधिकारियों को अपनी उंगलियों पर नचाता था। जांच में सामने आया है कि रिशु श्री ने योगेश कुमार सागर और उनके 8 रिश्तेदारों को यूरोप की यात्रा कराई। 22 जून 2024 से 30 जून 2024 तक हुई इस यात्रा में योगेश और उनके परिवार के 8 लोग ऑस्ट्रिया के वियाना, साल्जबर्ग और वॉल्फगैंग शहर घूमे। आलीशान होटलों में ठहरे।

पद्मेश न्यूज़
शहर | समाज | गांव
बालाघाट एक्सप्रेस
/padmeshmedia /padmeshmedia
epaper.balaghatexpress.in
E-mail: balaghatexpress@gmail.com



## न्यूज गैलरी

### नगर में तेज आंधी-तूफान का कहर

### टिन शेड गिरने से वृद्ध की मौत- बिजली व्यवस्था ध्वस्त

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** नगर में शनिवार दोपहर बाद आए तेज आंधी-तूफान ने नगर में भारी तबाही मचाई। तेज हवाओं के कारण कई स्थानों पर पेड़ और उनकी शाखाएं गिर गई।जिससे विद्युत व्यवस्था प्रभावित हुई और यातायात भी बाधित रहा। इस प्राकृतिक आपदा में एक वृद्ध की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि कई लोग बाल-बाल बच गए।

### विद्युत पेड़ के ऊपर गिरा पेड़- विद्युत आपूर्ति ठप

जनपद पंचायत बालाघाट कार्यालय के ठीक सामने एक पेड़ विद्युत पोल पर गिर गया। पेड़ के भार से



पोल झुक गया और बिजली के तार नीचे लटक गए।जिससे पूरे क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। घटना के कारण आवागमन भी काफी समय तक प्रभावित रहा।तेज हवाओं के चलते नगर के कई मकानों के टिन शेड और छप्पर उड़ गए। दुर्गावती चौक से सिविल लाइन चौक के बीच कई पेड़ों की शाखाएं सड़क पर गिरने से मार्ग अवरुद्ध हो गया, जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा।

### टिन शेड गिरने से सेवानिवृत्त वाहन चालक की मौत

आंधी-तूफान के दौरान सबसे दुखद घटना भटेरा चौकी क्षेत्र के गोविंद पैलेस रोड में हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार शाम करीब 5ः15 बजे भटेरा चौकी निवासी हेमसिंह राजपूत 69 वर्ष अपने मकान की छत पर पहुंचे थे। इसी दौरान तेज हवाओं के कारण टिन शेड उखड़कर उनके सिर पर गिर गया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गए।परिजनों द्वारा उन्हें तत्काल जिला अस्पताल लाये लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया गया कि अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में उनकी मौत हो चुकी थी। हेमसिंह राजपूत कृषि विभाग में वाहन चालक के पद से सेवानिवृत्त थे और अपने परिवार के साथ निवास कर रहे थे। अचानक आए इस प्राकृतिक हादसे ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया।

### फुटकर व्यापारियों को भारी नुकसान

आंधी-तूफान का असर छोटे फुटकर व्यापारियों पर भी पड़ा। नगर के विश्राम गृह के पास एक पेड़ की बड़ी शाखा गिर गई, जिसके निकट आम बेचने वाले व्यापारी मौजूद थे। सौभाग्य से वे समय रहते सुरक्षित स्थान पर पहुंच गए और एक बड़ा हादसा टल गया। हालांकि, तेज हवाओं और बारिश के कारण फल एवं सब्जी विक्रेताओं को भारी परेशानी और आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ा।आंधी-तूफान के बाद नगर के विभिन्न क्षेत्रों में गिरे पेड़ों और टूटे विद्युत तारों को हटाने तथा बिजली आपूर्ति बहाल करने का कार्य शुरू किया गया।

# तेज गर्मी में आंधी-तूफान और बारिश से मिली राहत, कई जगह पेड़ गिरे, बिजली व्यवस्था प्रभावित

## नौतपा के बीच बदला मौसम का मिजाज, तेज हवाओं के साथ हुई बारिश से जनजीवन प्रभावित







सिटी रिपोर्टर।
पद्मेश न्यूज। बालाघाट।

भीषण गर्मी और नौतपा की तपिश से जूझ रहे जिलेवासियों को 30 मई को मौसम में आए अचानक बदलाव से कुछ राहत मिली। दोपहर बाद तेज आंधी, तूफान और बारिश ने गर्मी का असर कम कर दिया, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली। हालांकि मौसम के इस बदलाव ने कई स्थानों पर नुकसान भी पहुंचाया और जनजीवन कुछ समय के लिए प्रभावित हो गया। बीते कुछ दिनों से जिले में नौतपा का असर देखने को मिल रहा था। सुबह से ही तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण तापमान लगातार बढ़ रहा था। लोग गर्मी और उमस से परेशान थे। इसी बीच शुक्रवार को अचानक मौसम ने करवट ली और आसमान में बादल छा गए। कुछ ही देर में तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई। तेज हवा और बारिश के कारण शहर के कई क्षेत्रों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सड़क किनारे खड़े लोग सुरक्षित स्थानों की ओर भागते नजर आए, वहीं दोपहिया वाहन चालक भी बारिश और तेज हवाओं से बचने के लिए दुकानों एवं शेडों के नीचे रुक गए। आंधी-तूफान की वजह से शहर और आसपास के क्षेत्रों में कई बड़े पेड़ उखड़कर जमीन पर गिर गए। कुछ स्थानों पर पेड़ सड़कों पर गिरने से आवागमन भी प्रभावित हुआ। वहीं कई इलाकों में बिजली के तार और केबल क्षतिग्रस्त होने की जानकारी सामने आई, जिसके कारण कुछ समय के लिए विद्युत आपूर्ति बाधित रही। बारिश के बाद मौसम सुहावना हो गया और तापमान में गिरावट दर्ज की गई। लोगों ने लंबे समय बाद गर्मी से राहत महसूस की। बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर भी लोगों के बीच मौसम परिवर्तन की चर्चा होती रही। शहर में गिरे पेड़ों और क्षतिग्रस्त बिजली लाइनों को दुरुस्त करने के लिए संबंधित विभागों की टीमें सक्रिय रहीं। विद्युत विभाग द्वारा प्रभावित क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बहाल करने का कार्य देर रात तक जारी रहा।


पिछले कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी और तपते मौसम के बीच शनिवार देर शाम मौसम ने अचानक करवट ली। आसमान में घने बादल छा गए और देखते ही देखते तेज आंधी-तूफान के साथ बारिश शुरू हो गई। हालांकि बारिश ज्यादा देर तक नहीं हुई, लेकिन तेज हवाओं और तूफान ने जिलेभर में काफी नुकसान पहुंचाया। एक ओर जहां लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली, वहीं दूसरी ओर आंधी-तूफान ने आमजन की मुश्किलें बढ़ा दीं। जानकारी के अनुसार देर शाम अचानक मौसम बदलने के बाद तेज हवाएं चलने लगीं। कुछ ही देर में तेज आंधी और बारिश का दौर शुरू हो गया। तेज हवा के कारण शहर और आसपास के क्षेत्रों में कई बड़े पेड़ धराशायी हो गए। वहीं कई स्थानों पर पेड़ों की शाखाएं टूटकर सड़कों पर गिर गईं, जिससे कुछ समय के लिए आवागमन भी प्रभावित रहा। आंधी-तूफान का सबसे अधिक असर विद्युत व्यवस्था पर देखने को मिला। कई जगह पेड़ गिरने से विद्युत लाइनें क्षतिग्रस्त हो गईं, जबकि कुछ स्थानों पर बिजली के खंभे भी क्षतिग्रस्त हो गये है। विद्युत केबल टूटने और लाइनों में फाल्ट आने के कारण शहर के अनेक वार्डों और आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। कई इलाकों में घंटों तक अंधेरा छाया रहा। विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने तत्काल मोर्चा संभालते हुए क्षतिग्रस्त लाइनों और खंभों को सुधारने का कार्य शुरू किया। विभागीय टीम देर रात तक विभिन्न क्षेत्रों में बिजली बहाली के प्रयासों में जुटी रही। हालांकि जिन स्थानों पर नुकसान अधिक हुआ, वहां देर रात तक भी विद्युत आपूर्ति पूरी तरह बहाल नहीं हो सकी। आंधी-तूफान के कारण कई निजी संपत्तियों को भी नुकसान पहुंचा। कुछ स्थानों पर पेड़ गिरने से घरों के बाहर खड़े वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। एक स्थान पर चौपहिया वाहन पर पेड़ गिर जाने से वाहन मालिक को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। वहीं छोटे दुकानदारों की अस्थायी दुकानें और टीन शेड भी तेज हवाओं की चपेट में आकर प्रभावित हुए। इधर, बेमौसम बारिश ने नगर पालिका की व्यवस्थाओं की भी पोल खोल दी। शहर के कई क्षेत्रों में जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण थोड़ी देर की बारिश में ही पानी सड़कों पर जमा हो गया। विशेष रूप से निर्माणाधीन क्षेत्रों में जल निकासी की समस्या अधिक देखने को मिली। हनुमान चौक में एक बार फिर बारिश का पानी भर जाने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि हर वर्ष बारिश के दौरान यह समस्या सामने आती है, लेकिन अब तक स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। इसी तरह अंबेडकर चौक सहित शहर के अन्य प्रमुख चौराहों और मार्गों पर भी पानी जमा होने की स्थिति निर्मित हो गई। गुजरी क्षेत्र स्थित कृष्ण मंदिर परिसर में भी जलभराव की समस्या देखने को मिली। नालियों की पर्याप्त सफाई और पानी निकासी की व्यवस्था नहीं होने के कारण मंदिर परिसर के आसपास पानी जमा हो गया, जिससे स्थानीय लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। इस पूरे घटनाक्रम को लेकर पार्षद सुधीर चिले और नागरिकों ने नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि मानसून आने से पहले जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने के दावे किए जाते हैं, लेकिन थोड़ी सी बारिश में ही कई क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति बन जाती है। पार्षदों ने नगर पालिका से जल्द ही नालियों की सफाई और जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाने की मांग की है।

पैसा ठीक होने के बाद देना
शादी से पहले एवं शादी के बाद
उम्र की अधिकता से कमजोर सेक्स, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, लिंग का छोटापन, टेडापन, निःसंतान, शुक्राणुओं की कमी, शुगर से आयी कमजोरी आदि सभी सेक्स समस्याओं का शर्तिया ईलाज किया जाता है।
पता-जगजीवन आयुर्वेदिक दवाखाना
गुरूनानक पेट्रोल पंप के सामने समाजवाड़ी रोड, बालाघाट, मो. 9243880464

आवश्यकता है
कम्प्युटर ऑपरेटर की आवश्यकता है
संपर्क करें-पद्मेश सिटी केबल
काली पुतली चौक, बालाघाट

AICTE भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त एवं RGPV & DTE भोपाल से सम्बध्द
सतपुड़ा कॉलेज ऑफ
इंजीनियरिंग एण्ड पॉलिटेक्निक
बी.टेक. पॉलिटेक्निक
JOB SAHi
• कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंग
• माईनिंग इंजीनियरिंग
• सिविल इंजीनियरिंग
• मैकेनिकल इंजीनियरिंग
• इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग
ADMISSION OPEN
नई शिक्षा नीति के तहत किसी भी ब्रांच से डिप्लोमा उत्तीर्ण छात्रों का Lateral Entry द्वारा बी.टेक. के द्वितीय वर्ष में सीधे प्रवेश
सतपुड़ा कैम्पस, लालबर्रा रोड, गर्रा-बालाघाट
6262604111, 9425836824 www.satpudaengineeringcollege.com




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.9, गुजरी चौक, बालाघाट (म.प्र.) से मुद्रित कराकर दैनिक बालाघाट एक्सप्रेस कार्यालय, काली पुतली चौक, बालाघाट(म.प्र.) से प्रकाशित,
प्रधान संपादक : उमेश बागरेचा, मो.नं. :9425138710, , ई-मेल- balaghatexpress@gmail.com पंजीयन क्रं. MPHIN/2009/32311, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट